फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -41, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16
लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर** : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान** : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा** : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार** : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।




### एक नजर

#### स्पाइसजेट ने 1.12 करोड़ डॉलर का विवाद निपटाया

नई दिल्ली। आर्थिक संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने 1.12 करोड़ डॉलर की राशि से जुड़े विवाद में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ समझौता कर लिया है। एयरलाइन ने कहा कि इस विवाद निपटान समझौते के तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के एयरफ्रेम और इंजन के हस्तांतरण से उसे लाभ होगा।

#### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान
- प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी पूरा, जल्द भेजा जाएगा मुआवजा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी



- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल



सिद्धरमैया



डीके शिवकुमार

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक एप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

## भारतीय एप को बहाल करने पर सहमत हुआ गूगल

नई दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

## एसपी ऑफिस पर आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

## मौलाना तौकीर 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

### कोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, बरेली



- कोर्ट ने जारी किया आदेश, 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी माना तौकीर का सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने का आरोप होने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश, क्रिमिनल लॉ एक्ट, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने विचारण के दौरान पाया कि केस फाइल में यह तथ्य है कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। लेकिन इसके बावजूद चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने विवेचना में सामने आए तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन मौलाना तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। इसके बाद कोर्ट ने मौलाना तौकीर को दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए अगली सुनवाई पर तलब कर लिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।


## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचारः** एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।



# आध्यात्मिक-सांस्कृतिक नगरों से भी मिली आर्थिक संजीवनी

**उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, तो यहां निवेश आना भी शुरु हुआ। हर सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के निवेश से रोजगार के लाखों अवसर सृजित हुए, तो यूपी से युवाओं के पलायन पर भी विराम लग गया। योगी सरकार ने विकास की श्रृंखला को महज औद्योगिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि आध्यात्मिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत संजोने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया, नतीजन आज ऐसे शहर भी प्रदेश को भरपूर राजस्व उपलब्ध करा रहे हैं। अयोध्या हो या काशी, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन हो या प्रयागराज, नैमिषारण्य हो या बौद्ध आध्यात्मिक स्थल, हर तीर्थ स्थल आज पर्यटकों का प्रमुख गंतव्य बन गया। प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ते हुए एनसीआर की तर्ज पर यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें लखनऊ सहित आस-पास जनपदों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, निवेशक और तेजी से यूपी की ओर रुख करेंगे। ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं ने इन जनपदों को विशिष्ट पहचान दिलाने के अलावा अर्थ की संजीवनी भी प्रदान किया है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान हुए रिकॉर्ड एमओयू के परिणामस्वरूप जीबीसी 4.0 में धरातल पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।**



### वाराणसी

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 581 | 142903 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 19245 | 44215 |



### मथुरा

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 484 | 30235 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 16587 | 31680 |



### प्रयागराज

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 460 | 63618 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 13227 | 25000 |




### संतकबीरनगर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 92 | 5480 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 1872 | 3652 |




### श्रावस्ती

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 439 | 2422 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 866 | 3905 |



### बलरामपुर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 194 | 1402 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 438 | 1851 |



### मुजफ्फरनगर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 249 | 15549 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 9938 | 10284 |

## निवेश का बना माहौल

गोरखपुर में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। गीडा पूर्वांचल, नेपाल और सीमावर्ती बिहार की आर्थिक राजधानी है। यहां मार्केट तो है ही, कामगारों की भी कोई कमी नहीं है। हमारी कंपनी 10 करोड़ रुपये के निवेश से पेपर डिस्पोजल यूनिट का विस्तार कर रही है।

**-सुधांशु टिबरेवाल,** उद्यमी, गोरखपुर

हाल के वर्षों में सरकार ने शहरीकरण को काफी तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार के अवसर बने हैं और शहर का विकास भी हुआ है। प्रयागराज के साथ मथुरा, गोरखपुर, लखनऊ आदि जनपदों में रियल एस्टेट में 750 करोड़ रुपये के निवेश से आवासीय और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जायेंगे।

**-सुनील सोलंकी,** ओमेक्स लिमिटेड, प्रयागराज

सीतापुर में भी निवेश का माहौल बना है। उद्योगों को राहत दी जा रही है इससे जनपदों के विकास को पंख लगेंगे। स्थानीय स्तर पर उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले कच्चे माल को लेकर सहूलियत होगी। पर्यटन की दृष्टि से नैमिष में बहुत संभावनाएं हैं।

**-अजीत कुमार सिंह,** उद्यमी, सीतापुर

मुजफ्फरनगर में उद्योगों में निवेश करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योग के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। यहां पेपर मिल, कॉटन यार्न, होटल इंडस्ट्रीज और कृषि यंत्र बनाने व इंजीनियरिंग उद्योग में निवेश हो रहा है।

**-पवन कुमार गोयल,** आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर

## प्रमुख निवेशक कंपनियां

### अयोध्या

**हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (रियल स्टेट)**
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 100 लोगों को रोजगार

**पक्का लिमिटेड (पेपर मैन्युफैक्चरिंग मशीन)**
550 करोड़ रुपये का निवेश, 600 लोगों को रोजगार

### मीरजापुर

**डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)**
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 2500 लोगों को रोजगार

### सीतापुर

**सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड (लकड़ी)**
1500 करोड़ रुपये का निवेश, 3000 लोगों को रोजगार

**ग्रीनलैंम साउथ लिमिटेड (लकड़ी/एमडीएफ)** 1500 करोड़ रुपये का निवेश, 2000 लोगों को रोजगार

### मथुरा

**आईएफपी पेट्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि. (रिफाइनरी )**
1100 करोड़ रुपये का निवेश, 700 लोगों को रोजगार

**केशव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड**
(स्टेशनरी गुड्स, इलेक्ट्रिक आइटम, प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग)
1250 करोड़ रुपये का निवेश, 10000 लोगों को रोजगार

### मुजफ्फरनगर

**भारतीयम बेवरेजज प्रा.लि. (बेवरेज )**
600 करोड़ रुपये का निवेश, 500 लोगों को रोजगार

### प्रयागराज

**जेके सीमेंट लि. (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)**
400 करोड़ रुपये का निवेश, 250 लोगों को रोजगार

### प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी

**वरुन बेवरेजज लि. (बेवरेज)**
3500 करोड़ रुपये का निवेश, 1000 लोगों को रोजगार



### अयोध्या

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 508 | 145116 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 12915 | 25000 |



### गोरखपुर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 630 | 183738 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 17313 | 37000 |




### चित्रकूट

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 280 | 67422 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 7147 | 7000 |



### सीतापुर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 302 | 29886 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 22172 | 18000 |



### मीरजापुर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 243 | 17166 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 7437 | 15135 |



### कौशाम्बी

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 143 | 1589 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 681 | 3382 |



### कुशीनगर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 346 | 3713 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 1169 | 9133 |

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### 20 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा और जैदपुर थाने की पुलिस ने मंगलवार को 20 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने लाए गए आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी। असंद्रा पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ छूलापाही निवासी फतेहचंद और जैदपुर पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ अहमदपुर निवासी मुलायम को गिरफ्तार किया।

### सात वांछित पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने एक वांरटी और सात वांछितों को गिरफ्तार किया। अलग-अलग मामलों में जिले के विभिन्न थानों में लाए गए 29 आरोपियों को शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### सौ ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : सफदरगंज पुलिस ने मंगलवार को सौ ग्राम स्मैक के साथ जैदपुर थाने के गढ़ी कदीम निवासी मो. आसिफ और खुर्शीद आलम को गिरफ्तार किया।

# एटीएस के हवाले होगी महाशिवरात्रि पर महादेवा की सुरक्षा व्यवस्था

## चार जोन व आठ सेक्टरों में बांटी गई सुरक्षा व्यवस्था, 12 सौ पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय , बाराबंकी

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर इस बार लोधेश्वर महादेवा की सुरक्षा की कमान एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड) के हवाले रहेगी। मेला परिसर की निगरानी 17 सीसीटीवी कैमरों से होगी और बम डिस्पोजल दस्ता भी तैनात रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को चार जोन और आठ सेक्टर में बांटने के साथ 12 सौ से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अलग से मेला कोतवाली होगी तो नौ पुलिस चौकी बनाई जाएंगी। इस बार महाशिवरात्रि पर महादेवा की सुरक्षा में एटीएस और बम डिस्पोजल दस्ते की एक-एक टीम को लगाया गया है। मेले की सुरक्षा चार सेक्टर और आठ जोन में बांट कर पांच सीओ, आठ थाना प्रभारी, 15 निरीक्षक, 110 उप निरीक्षक, 4 महिला उपनिरीक्षक, 440 मुख्य आरक्षी, 130 महिला आरक्षी, 90 होमगार्ड, पांच उपनिरीक्षक यातायात, 40 मुख्य आरक्षी/आरक्षी यातायात और दो कंपनी पीएसी लगाई गई है।

### मौजूद रहेगी एंबुलेंस, पीएचसी में 10 बेड का होगा अस्पताल

बाराबंकी, अमृत विचार : श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा के लिए मसौली थाने और नगर कोतवाली की मोहम्मदपुर चौकी में डॉक्टरों की टीम और दवाओं के साथ एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। वहीं मंदिर के पास स्थित पीएचसी में 10 बेड का अस्पताल बनाया गया है। मेला क्षेत्र में तीन बड़े फायर टेंडर मौजूद रहेंगे। वहीं महादेवा मेला आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए छह अस्थाई पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसमें ऑडिटोरियम से पहले बभनी गांव के पास, महादेवा गेट के पास बडे वाहनों के लिए, यज्ञशाला मैदान, लोहटीपसई और मीतपुर में गनेशपुर मार्ग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पार्किंग स्थल बनाया गया है।

### चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि पर महादेवा की सुरक्षा चाक चौबंद होगी। चार जोन व आठ सेक्टर में सुरक्षा व्यवस्था बांटी गयी है। इस बार एटीएस और बीडीएस की टीमें भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगी।

-चिरंजीव नाथ सिन्हा, एएसपी (उत्तरी)

### लागू होगा रूट डायवर्जन

बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। गोंडा और बहराइच, बाराबंकी और लखनऊ की ओर से आने वाले भारी वाहन अयोध्या के रास्ते हाईवे से जा सकेंगे। छोटे वाहन रामनगर के चौका घाट से मरकामऊ,बदोसराय सिरौलीगौसपुर तिराहा से ऊधौली से सफदरगंज आने दिया जाएगा। वहीं लखनऊ से गोंडा-बहराइच जाने वाले भारी वाहन चौपुला से लखनऊ-अयोध्या हाईवे जाएंगे। छोटे वाहन कोटवासडक से खजुरी, बदोसराय चौराहे से मरकामऊ होते हुए चौकाघाट के रास्ते जाएंगे। बाराबंकी शहर में बडे वाहनों को प्रवेश निषेध रहेगा। एफसीआईगोदाम से वाहन देवा के मामापुर पुल से माती होकर जा सकेंगे।

# महादेवा जा रहे श्रद्धालु की दुर्घटना में मौत

मसौली, बाराबंकी

**हादसा**
- गोंडा-बहराइच हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरायी बाइक
- कानपुर से जलाभिषेक करने आ रहा था, साथी की हालत गंभीर

अमृत विचार : कानपुर से महादेवा स्थित लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने आ रहे दो श्रद्धालुओं की बाइक सोमवार की रात हाईवे पर खडे ट्रेलर से टकरा गयी। दुर्घटना में दोनों श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने उपचार के लिए उन्हें सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद एक श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का उपचार किया जा रहा है।

हादसा सोमवार की रात मसौली थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच हाइवे पर हसनापुर मोड़ के पास हुआ। सोमवार को कानपुर नगर के विधूना थाना क्षेत्र के इटारा निवासी संजय अपने साथी घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामनगर बुधवा निवासी सुखदेव के साथ बाइक से जलाभिषेक करने के लिए लोधेश्वर महादेवा जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर खड़े ट्रेलर से उनकी बाइक टकरा गयी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे घायल का उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि परिवारवालों को हादसे की सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं ट्रेलर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# जुर्माने के साथ निपटे आठ मामले

बाराबंकी, अमृत विचार: लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में मंगलवार को अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा से आठ मामले निस्तारित किये। रामनगर मे दर्ज आबकारी अधिनियम के मामले में दोषी पिंटू उर्फ अवधेश को दो हजार रुपये के जुर्माना और न्यायालय के उठने तक की सजा सुनाई। वहीं अश्लीलता के मामले में मोहम्मदपुर खाला के निंदूरा निवासी मनीष मौर्य को पांच सौ रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया गया। मारपीट के मामले में रामनगर के शकील, जमील, शरीफ व नौशाद को छह-छह सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी गई। बदोसराय थाने में दर्ज लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामले में चन्द्रमौली प्रसाद को 1500 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। जैदपुर में अश्लीलता करने वाले न्यौछना निवासी फत्तेखान और मेंहदी कटरा निवासी साहेब आलम को पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया।



लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# जलाभिषेक के लिए लगा भक्तों का तांता

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही लोधेश्वर महादेवा में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। कांवरियों का आगमन लगातार जारी है। शिव भक्तों के लिए हाईवे के किनारे जगह-जगह विश्राम स्थल बनाए गए हैं। हाईवे से लेकर महादेवा के सभी मार्गों पर पैदल व विभिन्न साधनों से शिवभक्त महादेवा पहुंच रहे हैं। मेला क्षेत्र में दुकानें सजी है। दो तीन दिन पूर्व हुई बारिश की वजह से जगह जगह कीचड़ फैला है। इससे शिवभक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा सकते में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- तीन दिन से ठप है पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषित उम्मीदवार सांसद उपेंद्र रावत का वीडियो वायरल होने के बाद न केवल उनके समर्थक बल्कि पूरी पार्टी सकते में है। पार्टी के चुनाव अभियान के जो कार्यक्रम चल रहे थे, वह पिछले तीन दिन से ठप पड़े हैं। हालांकि भाजपा यह कहकर इसे टालने की कोशिश कर रही है कि शादी विवाह अधिक होने के कारण कार्यकर्ता उन कार्यक्रमों में व्यस्त हैं।

पार्टी ने बीती 1 फरवरी से बूथ चलो बूथ जीतो अभियान प्रारंभ किया था। पिछले तीन दिनों से इससे संबंधित कोई भी कार्यक्रम नहीं हुआ। बीती 25 फरवरी से प्रारंभ हुआ लाभार्थी संपर्क अभियान भी तीन दिन से बंद पड़ा है। नारी शक्ति वंदन अभियान को भी गति नहीं मिल सकी है। जिले के पार्टी पदाधिकारियों में भी अब बस यही चर्चा है कि अगला उम्मीदवार कौन होगा।

उधर, पार्टी नेता जनता के बीच जाने से बच रहे हैं, क्योंकि गांवों की चौपालों पर भी इस प्रकरण की चर्चा हो रही है। इसे लेकर कोई भी नेता या कार्यकर्ता अपनी जुबान खोलने के लिए तैयार नहीं है। अधिकांश नेताओं के फोन ही नहीं उठ रहे हैं। 3 मार्च को एलईडी प्रचार वैन आनी थी, वह भी अब तक नहीं आ सकी है। हालांकि इसका रूट तैयार किया जा रहा है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए जरूर जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। जहां भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। इसी दौरान अगली रणनीति तय होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि बुधवार को जिले के 25 स्थानों पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिसर में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल रूप में कार्यकर्ता सुनेंगे।

# पानी की टंकियों पर बाहर के लोगों की नियुक्ति की जांच शुरू

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल से जल पहुंचाने के लिए गांवों में बनवायी गई पानी टंकियों पर बाहर के लोगों की नियुक्ति की गई है। इसकी शिकायत बीते सप्ताह तहसील दिवस में प्रधानों ने डीएम से की थी। शिकायत के बाद जल जीवन मिशन के अधिकारियों की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुश्काबाद, धुसेडिया, हमीदनगर, औलिया, लालपुर, सदेंवा व मधनापुर सहित कई प्रधानों ने शिकायत की थी कि उनके गांवों में पानी टंकियों में ग्राम पंचायत से बाहर के लोगो को तकनीकी पदों पर चयनित किया गया है। जबकि नियमानुसार गांव के लोगो का चयन होना था।

मंगलवार को जल जीवन मिशन के कोऑर्डिनेटर अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में गांवों की जांच करने पहुंची टीम ने ग्राम प्रधानों से इस संबंध में जानकारी ली।


जांच टीम ने ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुए कहा कि स्वजन फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2021 में पोर्टल पर अपलोड किए गए तकनीकी पदों पर चयनित लाभार्थियों के नाम दर्ज नही हो पा रहे हैं। समरस समाज संस्थान ने 8 ग्राम पंचायतों का सर्वे कर तकनीकी पदों पर चयनित लाभार्थियों के नाम पोर्टल पर दर्ज किया है।

# भाई ने युवक को पीटा वाहन का शीशा तोड़ा

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचारः बीमार चाचा को देखने लखनऊ में रहने वाला युवक मंगलवार को अपने पैतृक गांव आया। यहां उसके भाई ने उसकी पिटाई करने के साथ स्कार्पियों का शीशा तोड दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

मामला असंद्रा के ओहारपुर मजरे धनौली मिश्रान गांव का है। यहां के निवासी ताराचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लखनऊ के बाजारखाला के न्यू इंद्राणी नगर में रहता है। मंगलवार को वह अपने बीमार चाचा को देखने के लिए गांव आया हुआ था। यहां उसे देखते ही उसके भाई रामसागर ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। उसने गाली देने का विरोध किया तो भाई ने उसकी पिटाई कर दी और उसकी स्कार्पियों का शीशा तोड़ दिया।

आगरा को एक सुरक्षित, तेज, विश्वसनीय, सुखद और सतत शहरी परिवहन प्रणाली की सौगात



आगरा मेट्रो रेल परियोजना
के प्राथमिक सेक्शन (ताज ईस्ट गेट से मनः कामेश्वर) पर यात्री सेवा का
शुभारंभ
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)
गरिमामयी उपस्थिति
आनंदीबेन पटेल — राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ — मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
हरदीप सिंह पुरी — मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार
प्रो. एस.पी. सिंह बघेल — राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार
कौशल किशोर — राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार
बेबी रानी मौर्य — मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश
योगेन्द्र उपाध्याय — मंत्री, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
धर्मवीर प्रजापति — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार एवं होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश
राजकुमार चाहर — सांसद, फतेहपुर सीकरी
नवीन जैन — सांसद, राज्य सभा
6 मार्च, 2024 | प्रात: 9:45 बजे | ताज महल मेट्रो स्टेशन, आगरा




- पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों के लिए विश्वस्तरीय परिवहन सुविधा
- सुरक्षित, सुगम, सरल एवं तीव्रगामी परिवहन के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि
- ताज महल एवं आगरा फोर्ट के लिए बाधारहित कनेक्टिविटी
- सड़कों पर जाम से मुक्ति, प्रदूषण में कमी, समय की बचत
- दिव्यांगजन अनुकूल यातायात प्रणाली

प्राथमिक सेक्शन
ताज ईस्ट गेट | कैप्टन शुभम गुप्ता | फतेहाबाद रोड | ताज महल | आगरा फोर्ट | मन:कामेश्वर
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### लल्लू सिंह को प्रत्याशी बनाने पर जतायी खुशी

**बनीकोडर,बाराबंकी, अमृतविचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं की देवीगंज चौराहे पर आयोजित बैठक में अयोध्या सांसद लल्लू सिंह को एक बार फिर से प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जताकर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया गया। समाजसेवी देवानंद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अयोध्या सांसद लल्लू सिंह को एक बार फिर से प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जतायी गयी। इस मौके पर अनिल शुक्ल, दिलीप शुक्ल, राजू मिश्र और राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली की पुलिस टीम ने दुष्कर्म, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में फरार चल रहे उत्तर टोला बंकी निवासी शमीम को गिरफ्तार किया।

# छात्र स्मार्टफोन का करें सदुपयोग

## राज्यमंत्री सतीश शर्मा व एमएलसी अंगद सिंह ने 500 छात्र-छात्राओं को दी सौगात

टिकैतनगर, बाराबंकी



स्मार्टफोन के साथ छात्राएं व राज्यमंत्री, एमएलसी और अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मां शारदा देवी महाविद्यालय फत्तापुर कला नियामतगंज में छात्रों को स्मार्टफोन का निःशुल्क वितरण किया गया। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व एमएलसी अंगद सिंह ने लगभग 500 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किये।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरीके से सजग है। शिक्षा को लेकर प्रदेश सरकार प्रभावी योजनाएं बना रही है। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि वैसे विद्यार्थियों में लगभग सभी के पास स्मार्टफोन हैं, लेकिन वह इनका केवल अपनी पढ़ाई और ज्ञान प्राप्त करने के लिए सदुपयोग करें।

उन्होंने कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में स्मार्टफोन और टैबलेट का होना बेहद जरूरी है जो शिक्षा के लिए साकार होगा। इस दौरान क्षेत्र पंचायत निधि से बनवाई गई इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रविकांत गोस्वामी, चेयरमैन जगदीश प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, प्राचार्य डॉ. दिनेन्द्र सिंह, संतोष शुक्ला, बसंतकांत इंटर कॉलेज के प्रबंधक लालजी पांडेय, महेश गुप्ता, लक्ष्मीकांत, मनोज शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ड्राप आउट बच्चों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**कवायद**

- स्कूल से दूरी बनाने वाले 7639 बच्चे किये गये चिह्नित
- 40.81 लाख रुपये से खरीदी जाएगी शिक्षण सामग्री

**अमृत विचार :** स्कूल से दूरी बनाने वाले (ड्राप आउट) बच्चों को चिह्नित कर उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री और टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) की खरीद के लिए सरकार ने 40.81 लाख रुपये से अधिक की धनराशि उपलब्ध करा दी है। इसमें प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की संख्या के अनुसार प्रति छात्र 535 रुपये की धनराशि स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के खाते में भेजी जाएगी।

जिले में 2636 परिषदीय स्कूल है। इनमें 1992 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक और 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इसके बाद स्कूल से दूरी बनाने वाले सात से 14 वर्ष की आयु के ड्राप आउट 7639 छात्र-छात्राओं को चिह्नित किया गया। अब इनकी उम्र के अनुसार कक्षाओं के अनुरूप ज्ञान कराने के बाद उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए करीब सात सौ स्कूलों में प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। जहां पर नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उन्हें इन बच्चों को प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में इस विशेष प्रशिक्षण के लिए बच्चों को शिक्षण सामग्री और टीचिंग लर्निंग मैटेरियल के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के खाते में धनराशि भेजी जाएगी।

इसको लेकर 40 लाख, 81 हजार, 515 रुपये की धनराशि शासन ने उपलब्ध करा दी है। जिला समन्वयक सुधा जायसवाल ने बताया कि ड्राप आउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रति छात्र 535 रुपये की धनराशि शिक्षण सामग्री व टीएलएम की खरीद के लिए एसएमसी की खातों में बहुत जल्द भेज दी जाएगी।

### एसएमसी के खातों में जल्द भेजी जाएगी धनराशि

ड्राप आउट बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चिह्नित बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री की खरीद की धनराशि मिल गई है। जल्द ही उसे स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के खाते में भेज दिया जाएगा।

–संतोष कुमार देव पाण्डेय, बीएसए

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला ढाबाकर्मी का शव

**गुत्थी उलझी**

- मसौली थाने के पास की घटना सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम
- गांव से अपने साथ लेकर आया था ढाबा संचालक

मसौली,बाराबंकी

**अमृत विचार :** घर से ढाबा संचालक के साथ सोमवार को काम पर आए कर्मचारी का शव मंगलवार को थाने के करीब एक पेड़ में फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना से हड़कंप मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन भी इस घटना के बारे में कुछ बता नहीं पा रहे हैं।

मामला मसौली थाना क्षेत्र का है। यहां पर महाराजा ढाबे में रामनगर थाना क्षेत्र के रामपुर खरगी निवासी कन्हैया लाल (18) मजदूरी करता था। सोमवार को ढाबा संचालक फूलचंद कन्हैया को उसके गांव से लेकर ढाबे पर आए थे। मंगलवार की सुबह कन्हैया का शव मसौली थाने के करीब एक पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। पेड़ पर शव लटकता देखकर वहां लोगों की भीड़ लग गयी। इस घटना की सूचन पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त करवाने के बाद परिजनों को इस घटना की सूचना दी और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में ढाबा संचालक फूलचंद का कहना है कि वह कन्हैया लाल को ढाबे पर छोड़ने के बाद एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने चला गया था। इसके बाद कन्हैया लापता हो गया। इस पर अन्य कर्मचारियों ने उसकी तलाश शुरू की तो थाने के पास एक पेड पर उसका शव फंदे से लटकता मिला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** हेयर कटिंग का काम करने वाले युवक का शव घर के अंदर मंगलवार की सुबह फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के सकौली गांव का है। यहां के निवासी राजेश कुमार को बेटा रमेश (26) हेयर कटिंग का काम करता है। सोमवार को उसकी पत्नी मायके गई थी। शाम को खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। सुबह कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी। इस पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो साड़ी के फंदे से लटकता युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे की मांग

बनीकोडर बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकासखण्ड बनीकोडर के क्षेत्र ग्राम पूरेतुला मजरे सनौली में हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की बैठक में बारिश में नष्ट फसलों के मुआवजे की मांग की गयी।

वरिष्ठ किसान नेता दुर्गा प्रसाद वर्मा के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने महंगाई, आवारा जानवरों व बेमौसम बरसात, आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि होने के कारण सरसों, आलू, गेहूं आदि फसलें बर्बाद हो गयी हैं। सरकार पीड़ित किसानों को मुआवजा दे। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री लल्लू सिंह, सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम रावत, ब्लॉक अध्यक्ष शिवमगन रावत, श्याम सुंदर, परशुराम रावत तहसील उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, नौमी लाल, रक्षा राम, रामनरेश रावत, रमई गौतम, नोखेलाल पाल, राम मनोहर, राजाराम गौतम, संतोष कुमारी, श्यामा, संगम लाल गौतम, रामनरेश रावत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अपने विवेक से करें योग्य प्रतिनिधि का चुनाव

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के साईं डिग्री कॉलेज फतेहपुर के छात्रों द्वारा ग्राम खेरिया और काजीपुर में ग्राम वासियों को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान में भाग लेने वाले छात्रों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने तथा कर्मठ एवं ईमानदार प्रत्याशियों का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने बताया कि किसी के बहकावे में न आकर अपने विवेक से योग्य प्रतिनिधि का चुनाव करें। इस जागरूकता कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रवक्ता केके वर्मा, श्रद्धा सिंह, प्रिया वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ता श्रद्धा सिंह ने बताया कि यदि हमें अपने देश का विकास करना है तो इस देश की युवा शक्ति को आगामी चुनाव में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए जिससे वह ऐसी सरकार का चुनाव कर सकें जो इस देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सके। इस मौके पर शिवानी, मनीषा, निधि, कलश, गीतांजली, ट्विंकल, दीपांशु, चांदनी, शबीना, अंशिका आदि छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### पेपरलेस खाता खोलने के लिए आयोजित हुई कार्यशाला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** केनरा बैंक द्वारा किंन्तूर गांव में पेपरलेस डिजिटल माध्यम से खाता खोलने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें देश की विभिन्न केंनरा बैंक शाखा से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। केंनरा बैंक इस तरह खाता खोलने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। मंगलवार को किंतूर गांव में केंनरा बैंक द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में तमाम समूह की महिलाओं को भी बुलाकर उन्हें इस सुविधा की जानकारी दी गई। इसके साथ ही दुर्गा मां स्वयं सहायता समूह एवं एकता स्वयं सहायता समूह का पेपरलेस डिजिटल माध्यम से सफलतापूर्वक बचत एवं लोन खाता खोला गया। कार्यशाला की शुरुआत उप महाप्रबंधक केनरा बैंक लोकनाथ एवं सहायक महाप्रबंधक वेद प्रकाश तथा ग्राम प्रधान अकरम अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर की। उप महाप्रबंधक लोकनाथ ने बताया कि केनरा बैंक देश में पहला बैंक बन गया है। जिसने डिजिटल माध्यम से पेपरलेस खाता खोलने का काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से खाता खोलने के लिए हमारा बैंक अपने कर्मचारियों को गांव–गांव भेजकर समूह की महिलाओं को जोड़कर उनके बचत एवं लोन खाता खोलेगा। वरिष्ठ प्रबंधक आनंद मिश्रा शाखा प्रबंधक किंन्तूर सैयद अब्बास जैदी, वरिष्ठ प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय मनीष राम, वरिष्ठ प्रबंधक अंचल कार्यालय विकास कुमार यादव, मनीष तिवारी, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

### गैंगरेप का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन दिन पहले दर्ज किए गए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। तीन दिन पहले कोठी थाना क्षेत्र के उस्मानपुर निवासी रेहान और मुनीफ ने एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाया था। उसके बाद उसे वायरल करने की धमकी भी दी थी। इस पर पीड़िता की ओर से तहरीर मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी व आईटीएक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपियों रेहान और मुनीफ को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल रवाना कर दिया।

### कुवैत से बेटे का शव मंगाने की लगाई गुहार

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कमाने के लिए कुवैत गए युवक की मौत की खबर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। बेटे के अंतिम दर्शन और संस्कार को लेकर उसके शव को मंगाने की गुहार मंगलवार को पिता ने पुलिस अधीक्षक से की है। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र के जबरपुरवा मजरे रतौली गांव का है। यहां के निवासी घनश्याम रावत ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका बेटा विनोद कुमार कुवैत में मजदूरी करता था। दो मार्च को बेटे के मोबाइल से एजेंट जाहिद को मैसेज आया कि उसके बेटे का शव फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना और कुवैत से आए मैसेज को जाहिद ने घर आकर दिखाया तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। यह मामला पुलिस अधीक्षक ने उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। ऐसे में परिजनों को कुवैत से बेटे का शव आने की उम्मीद जगी है।

# 1031 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की परीक्षा मंगलवार को दोनों पालियों में सकुशल संपन्न हुई। सुबह की पाली में हाईस्कूल की गृह विज्ञान और इंटरमीडिएट की व्यावसायिक विषय की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की भूगोल और हाईस्कूल की कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई। दोनों पालियों की परीक्षा में पंजीकृत 20936 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 19905 ने परीक्षा दी। जबकि 1031 ने परीक्षा छोड़ दी।

सुबह की पाली में हाईस्कूल की गृहविज्ञान विषय की परीक्षा में 15968 छात्राएं शामिल हुई तो 840 अनुपस्थित रहीं।

वहीं इंटरमीडिएट के व्यावासयिक विषय की परीक्षा में 218 शामिल हुए तो 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भूगोल विषय की परीक्षा 3453 छात्र-छात्राओं ने दी।

वहीं 187 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल कम्प्यूटर विषय की 584 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। दोनों पालियों की परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों ने मुस्तैदी बरती।

# सत्तादल के घोषित प्रत्याशी चुनाव लड़ने से कर रहे मना

**कांग्रेस की बैठक**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया।

**अमृत विचारः** पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने मंगलवार को कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब सत्ता दल के घोषित उम्मीदवार चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं। इसका मूल कारण यह है कि देश में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में हवा चल रही हैं। अब भाजपा का टिकट जीत की गारण्टी नहीं है। इंडिया गठबंधन भाजपा का 80 में 80 का वादा पूरी तरह खत्म कर देगा।

कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या कर रहा है। नौजवान बेरोजगार है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की मोदी सरकार ने जो महंगाई, बेरोजगारी, जंगलराज का दर्द दिया है उससे नागरिक त्रस्त हैं। पुनिया ने कहा कि भोजपुरी अभिनेता व सिंगर पवन सिंह, क्रिकेटर गौतम गम्भीर, केन्द्र सरकार में वित्त मंत्री राज्यमंत्री जैसे पद पर रहे जयन्त सिन्हा और अब बाराबंकी सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद ने हार मानकर प्रत्याशी नहीं बनने के अपने निर्णय से हाईकमान को अवगत करा दिया हैं। पुनिया ने कहा कि गत दो दिनों में हुई भारी बारिश से किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गयी है। पहले मुख्यमंत्री घोषणा करते हैं कि 24 घण्टे में पीड़ित को मदद मुहैया कराओं अब सरकार और प्रशासन कहता है कि 72 घण्टे में प्रार्थना पत्र उपलब्ध कराओ। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। जब दिल्ली बार्डर पर हजारों किसानों की जान आन्दोलन में चली गयी तो इस देश के प्रधानमंत्री ने किसानों से बात नहीं की और किसानों को गाडी से रौंदने वाले आरोपी को लखीमपुर से उम्मीदवार बनाकर साबित कर दिया कि भाजपा के इस देश के अन्नदाता की कोई परवाह नही है।

# नवागत बीडीओ ने संभाला कार्यभार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नवागत खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने सिरौलीगौसपुर का कार्यभार संभाल लिया। मंगलवार को विकास खंड कार्यालय पहुंचे नवागत बीडीओ का प्रधानों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवागत बीडीओ ने स्टाफ एवं प्रधानों के साथ परिचय बैठक कर सभी पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान विकेश वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, बेनी प्रसाद वर्मा, अनिल वर्मा, शैलेन्द्र विक्रम शुक्ल, ब्रजेश सिंह, राकेश सिंह, हाजी मुश्ताक, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# होटलों-ढाबों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग

**मनमानी**

रामसनेहीघाट बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में सुमेरगंज, भिटरिया, देवीगंज, दरियाबाद, कोटवासड़क कस्बे के होटलों, मिठाई व चाय की दुकानों और चाट-पकौड़े के ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का सरेआम इस्तेमाल हो रहा है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दूसरी ओर नियम यह है कि इस तरह के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस की जगह कामार्शियल सिलेंडरों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

पिछले कई सालों से कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक कामों में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। इन सिलेंडरों पर सब्सिडी जारी होने के बावजूद इनके व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। इस कारण घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ रही है। कई होटल संचालकों ने व्यावसायिक गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। वहां उनकी खपत हर महीने चार से पांच सिलेंडर की है।

मगर होटल संचालक व्यावसायिक की बजाए घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। कुछ चाय के होटल और चाट के ठेले पर दुकान चलाने वाले भी घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। इसी प्रकार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग छोटे गैस सिलेंडर भरने में भी हो रहा है। इसके लिए अवैध रूप से बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस री-फिलिंग की जाती है। कस्बे में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों में भी घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग किया जा रहा है। मगर इन पर प्रशासन की ओर से किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। इस संबंध में रामसनेहीघाट के पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रयोग अवैध है। चाय, होटल या रेस्टोरेंट वाला प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर का प्रयोग करता मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



एक होटल पर किया जा रहा घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग। अमृत विचार

### नवागत बीईओ ने मसौली में संभाला पदभार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मसौली में कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रयागराज के निर्देश के अनुपालन में बीएसए ने स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने को आदेशित किया है। उक्त आदेश के अनुपालन में गोण्डा जनपद से स्थानांतरित होकर ब्लॉक मसौली में खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर शिक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, एकता, डॉ. बनवारी लाल, विवेक, सचिन, उमेश, पावेल राज भट्ट, हरिश्चंद्र, जितेंद्र आदि थे।

**प्रयोग** — मत्स्य बीज का प्लांट लगाकर युवाओं को रोजगार दे रहा बीटेक डिग्रीधारी युवा

# मत्स्य पालन से संग्राम ने बदली तकदीर

विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले संग्राम सिंह को नौकरी के बजाय मत्स्य पालन रास आ गया। मत्स्य पालन विभाग और स्थानीय जानकारों से जानकारी लेकर उन्होंने खेत में तालाब खोदवाकर मत्स्य पालन शुरू किया। कुछ महीनों की दिक्कत के बाद उन्हें मेहनत का फल मिलने लगा। अब वह अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं।



टैंक के पास मछली दिखाते संग्राम।

संग्राम सिंह मछली पालन करके न सिर्फ आत्मनिर्भर बने हैं बल्कि लाखों की आमदनी भी कर रहे हैं। एक पक्के टैंक से मछली पालन शुरू करने वाले संग्राम सिंह की मेहनत की वजह से आज 24 टैंक में विभिन्न प्रजातियों के मत्स्य बीज डालकर मछली पालन कर रहे हैं। उन्हें यह व्यवसाय इस कदर भाया कि उन्होंने इसके अलावा दो कच्चे तालाबों में भी मत्स्य पालन शुरू कर दिया। उनकी सफलता यहीं नहीं रुकी संग्राम सिंह ने इसके साथ ही मछली का दाना बनाने वाली फैक्ट्री भी लगवा ली। ब्लॉक बनीकोडर के दादूपुर गांव निवासी संग्राम सिंह के पिता सुरेश सिंह शुरू से खेती किसानी के कार्य से जुड़े हैं। सुरेश सिंह ने खेती किसानी कर अपने बेटे संग्राम सिंह को वर्ष 2018 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई नोएडा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से करवायी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी की तलाश में समय गंवाने के बजाय वह मत्स्य विभाग पहुंचे। जहां से उन्होंने पैतृक भूमि पर 50 लाख का प्रोजेक्ट बनाकर बैंक से ऋण लिया और वर्ष 2019 में मछली पालन शुरू किया। संग्राम सिंह को एक सीजन में लगभग 20 लाख का फायदा हुआ। अब 5 वर्ष में 24 टैंकों का निर्माण कराकर अच्छी प्रजाति के मत्स्य बीज डालकर मछली तैयार कर उन्हें बाहर भेज रहे हैं। इसके साथ ही 30 लाख की लागत की एक मिनी फैक्ट्री लगवाई है। जहां पर मछली का दाना बनाया जाता है। वह युवाओं को रोजगार के अवसर भी दे रहे हैं। संग्राम सिंह बताते हैं कि उन्होंने बीटेक की पढ़ाई मात्र नौकरी के लिए नहीं की थी नौकरी से अच्छी सरकार की अन्य तमाम योजनाएं हैं। जिससे जुड़कर बेरोजगार ब्यक्ति अपने आप को रोजगार से जोड़ सकता हैं। नाबार्ड की टीम ने भ्रमण के बाद उनकी तारीफ की। मंडल स्तर पर इन्हें पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

### हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ आयोजित

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर मंगलवार को सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। सुंदरकांड के बाद उपस्थित भक्तों ने भजन गाए। इसके बाद आरती की गयी फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजीव सोनी, बबली, चंद्रपाल यादव, शिवा नाग, मोहित वर्मा, अशोक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

एच0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग 7
न्यायालय नायब तहसीलदार कुर्सी फतेहपुर जिला–बाराबंकी
वाद सं0– 1498 सन् 2024 ई0
तारीख पेशी – 18/3/2024
सुशीला देवी
बनाम
राम आसरे

1. जगतराम पुत्र राम आसरे, नि0 दुर्गापुर, नौबस्ता, पो0–लालपुर, पर0 मोहम्मदपुर, तह0– फतेहपुर जिला–बाराबंकी,2. चन्दर पुत्र मैकू ,नि0 गौरहिया मजरे शेखुर अलीपुर, पो0–बबुरिहा, तह0 रामनगर, जिला– बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपका एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2024 के मार्च 18 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वंय या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंज्ञात हीं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आप 20 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय की मोहर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता – फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल– चलन ठीक न होने और गलत– व्यवहार के चलते चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे–बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। –**मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0– सोनापार (देवरहना) पो0– रेहरा बाजार, तह0 – उतरौला जनपद–बलरामपुर,** मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष – 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक – 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूच्य हों कि मुझे पहले मो आसिम के नाम से जाना जाता था। परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है। भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। – **आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी– नि0 –ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ –रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी- शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0 नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी– मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील–छिबरामऊ, जनपद– कन्नौज,** मेरा हाईस्कूल जिसका अनुक्रमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

**50** महीनों में तैयार हो जाएगी पहली यूनिट

**56** महीनों में क्रियान्वित होगी दूसरी यूनिट

## राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए थे एमओयू

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे।

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी, जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयला एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।



मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी व अन्य मंत्री। अमृत विचार

- **प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपये**
- **416.34 करोड़ से बनेगा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब**

### नोएडा में बोडाकी मल्टी मॉडल हब परियोजना का होगा विस्तार

**विस्तारः** नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दादरी और बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होंगी। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अंतरराज्यीय और लोकल बस अड्डा बनेगा।

### इनको भी मिली मंजूरी

- कुशीनगर में महात्मा गौतमबुद्ध कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड में निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी, 434 करोड़ 60 लाख से दिसंबर 2026 तक निर्माण करने का लक्ष्य।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि :शुल्क हस्तांतरण ।
- लखनऊ के केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन निर्माण, 377 करोड़ की लागत से निर्माण होगा, शिक्षण, प्रशिक्षण व चिकित्सा तीनो कार्य होंगे।
- पॉवर कॉर्पोरेशन के घाटमपुर में 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पॉवर की 3 यूनिट हेतु स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन में फीस छूट।
- जनपद लखनऊ में आउटर रिंगरोड के अंडर पास से पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क तक 4 लेन निर्माण (14 .28 किमी)।
- आईआईएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड अंडर पास हेतु 8 .4 किमी के दो लेन चौड़ीकरण।
- उप्र राज्य आबकारी बकाया पर एक मुश्त समाधान योजना 2023-24 का प्रस्ताव।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा। नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए जिन लोगों ने पहले से धनराशि जमा की है उन्हें उनकी रकम ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी।
- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें। इससे नगरीय विकास को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री इसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष होंगे।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा।
- आयुर्वेद निदेशालय, यूनानी निदेशालय, होमियोपैथी निदेशालय व उत्तरप्रदेश आयुर्वेदिक यूनानी एवं तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड व उत्तरप्रदेश होमियोपैथी मेडिसिन बोर्ड (उक्त तीनो निदेशालय और दोनों बोर्ड) अब संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके लिए नया पद सृजित किया जाएगा।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़, हायर बिडर को लेटर ऑफ कंफर्ट निर्गत किए जाने का अनुमोदन।
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जाएगा।
- जनपद प्रयागराज में वीवीआईपी गेस्ट हाउस प्रस्ताव को मंजूरी, सिविल लाइंस क्षेत्र की 10,000 वर्गमीटर नजूल भूमि (नजूल भूखण्ड संख्या 112) राज्य संपत्ति विभाग पक्ष को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास ।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।

## वर्तमान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बहुत महत्व है: बीईओ

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** बच्चों में मनोविज्ञानक मनोवृत्ति के विकास एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाकस्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने की। उन्होंने विजयी पांच बच्चों शिवानी देवी, अलकमा, सुबुही, अर्पित वर्मा, रंगीता को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा मॉडल बनाने के लिए नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बहुत महत्व है, जमाने की रफ्तार से कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए बच्चों में शुरू से ही गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रूचि उत्पन्न करने के किए ही विभाग द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान चलाया जा रहा है, सभी शिक्षको और अभिभावकों को चाहिए कि वह इस क्षेत्र में बच्चों को प्रेरित और सहयोग करें। कार्यक्रम में 43 जूनियर हाईस्कूलों के 150 छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस मौके पर ए आर पी सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र मौर्य संकुल शिक्षक अनवर अली, रामचन्द्र वर्मा, अर्पित त्रिवेदी, शिक्षक संजय कुमार वर्मा कृष्ण मोहन, अनुपम राही पवन कुमार मित्तल, मुशीर अहमद, मोहम्मद असद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## अर्द्ध सैनिक बलों के ठहराव स्थलों का आईजी रेंज लखनऊ ने लिया जायजा

**सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत दूसरे जनपद से आने वाले पुलिस फोर्स और अर्धसैनिक बलों के ठहराव स्थलों का आईजी रेंज लखनऊ ने मौका मुआयना किया। आईजी ने मुआयने के दौरान व्यवस्थाओं को दुरूरत करने के साथ शस्त्र लाइसेंसों के सत्यापन की भी जानकारी एकत्र की। मंगलवार की सुबह आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के साथ कोतवाली नगर स्थित तरीनपुर में स्थित सरस्वती इंटर कालेज, थाना खैराबाद कस्बा में स्थित बुनियाद अंसारी डिग्री कॉलेज सहित थाना सिधौंली क्षेत्रान्तर्गत पावर हाउस रोड पर स्थित विमलनाथ शिक्षा प्रशिक्षण महिला कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने अधीनस्तों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। आईजी ने इस दौरान ठहराव स्थलों में बिजली पानी सहित समुचित व्यवस्थाओ के प्रबंध के निर्देश सम्बंधित अफसरों को दिए। इस दौरान सीओ सिटी अमन सिंह, सीओ सिधौली आलोक प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, खैराबाद, सिधौंली व अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## परीक्षा की तैयारियों के लिए छात्र इस्तेमाल करें मोबाइल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** उप्र सरकार की छात्रों को स्वावलंबी बनाने की महत्वपूर्ण योजना स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान लच्छन नगर विवेक शुक्ला उर्फ पोनू मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रेडियंस इंटर कॉलेज के डायरेक्टर अजीज अहमद गौरी ने छात्रों को संबोधित व उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया। उन्होंने बताया स्मार्टफोन का सदुपयोग कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर छात्रों को इसका सही इस्तेमाल करना चाहिए कार्यक्रम में 128 लोगों को स्मार्टफोन वितरण किए गए कार्यक्रम में सम्मानित नागरिक और छात्र एवं छात्र उपस्थित रहे। आए हुए आगंतुकों का आभार विद्यालय प्रबंधक जुबेर अहमद ने व्यक्त किया।

## मांग: आशा बहुओं को राज्य कर्मचारी का दिया जाये दर्जा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पर आशा एवं आशा संगिनी ने अपनी मांगों के समर्थन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन कर अधीक्षक को संबोधित बीसीपीएम को ज्ञापन ज्ञात है कि विगत सोमवार से आगामी 13 मार्च तक आशा व आशा संगिनी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर कलमबंद हड़ताल पर हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रोत्साहन राशि हटाकर मानदेय दिया जाए। आशा बहू को 18000 रुपए व संगिनी को 24,000 रुपए मानदेय दिया जाए। मृतक आश्रित आशा व आशा संगिनी के परिवार का योग्यता के आधार पर चयन किया जाए, 24 घंटे की सेवा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा किया जाए एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उमा देवी, मोहिनी, आशा रानी, रेनू, सुशीला देवी, मीना तिवारी, निगार, दीपा देवी, लीलावती, रूपरानी, पुष्पा, रेशमा बानो सहित भारी संख्या में आशा व आशा संगिनी मौजूद थीं।

## दो परिवारों को जोड़ने का काम करती हैं बेटियां: अरूण



वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में मौजूद अतिथि व अन्य।

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। एक अभिभावक होने के नाते हमारा यह फर्ज है कि हम बेटी और बेटे के बीच मतभेद को भुलाकर उन्हें बराबरी का दर्जा दें। बेटी एक नही दो परिवारों को जोड़ने का काम करती है। अंजुमन इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल पैंतेपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवम विदाई समारोह में सीनियर बेसिक शिक्षक संघ सीतापुर के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ नाते पाक की अकीदत साकिया, कहकशां ने मेरी किस्मत जगाने को खुदा का नाम काफी है, से किया। जबकि अतिथियों का सम्मान विद्यालय के प्रिंसिपल रफीउल्लाह अंसारी व सलीम अंसारी ने बैज लगाकर व बुके देकर किया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ कॉलेज की छात्राओं इकरा, जिगरा, अल्फिशां ने आप जो पधारे तो महक उठी गली गली स्वागत गीत से किया। हम होंगे कामयाब एक दिन एक्शन सॉन्ग में उममे हनी, फिरदौस, इरम शीबा ,एक्शन सॉन्ग लड़खड़ाते कदम में आशिफा, यासमीन, उम्मे ऐमन, सफिया परवीन ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंजूर आलम खां, फराह सिद्दीकी, सायबा अंसारी, इरफान मंसूरी, मोहम्मद अब्दुल करीम, प्रधान अहमद अली, मसूद अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# अलग-अलग गांवों में लगी भीषण आग, गृहस्थी जलकर हुई राख

▶▶ आग में जलने से मवेशी की मौत

शिवगढ़,रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गढ़ी मजरे देहली में अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लगने से पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे गढ़ी मजरे देहली में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के बाहर पश्चिम दिशा में स्थित संजय कुमार के खरफूस के बने आशियाने में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई।


आग से जला आशियाना। अमृत विचार

झोपड़ी में रखे 30 बोरी धान, 4 बोरी गेहूं, 4 हजार रुपये नगदी, राशन, कपड़े, बर्तन इत्यादि सामान जलकर राख हो गया। वहीं झोपड़ी में बंधा 3 माह का मवेशी जिंदा जल गया। ग्रामीणों द्वारा पंपिंग सेट चला कर किसी तरह आग पर काबू पाया गया, किंतु जब तक आग पर काबू पाया जाता सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल रामेन्द्र मोहन बाजपेयी ने हुए नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। वहीं थाना क्षेत्र के निंबडवल मजरे बेड़ारु में दोपहर करीब 2 बजे श्रवण कुमार के पुवाल के बने 2 बंगलों में अज्ञात कारणों से आग लगने से अनाज, भूसा, कपड़े एवं करीब 4000 रुपए नगदी जलकर खाक हो गए, ग्रामीणों द्वारा किसी तरह कड़ी मस्कत से आग पर काबू पाया गया।

## पुलिस प्रशासन ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

**बछरावां, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया। जिसका नेतृत्व क्षेत्राधिकारी महराजगंज यादवेंद्र पाल एवं थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने किया है। थानाध्यक्ष ने कस्बे के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने शस्त्र धारकों से अपील की जल्द से जल्द शस्त्रधारक थाने या शस्त्र की दुकानों में शस्त्र जमा कर जमा रसीद थाने में अंकित कराएं। जिससे कि कोई कार्रवाई शस्त्र धारक के विरुद्ध न की जाए। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी चल रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान कोई भी प्रत्याशी शराब, रुपये व अन्य का वितरण करेगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों के नलकूपों का बिल माफ करने का भाजपाइयों ने किया स्वागत

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के किसानो की बहु प्रतीक्षित बिजली नलकूपों का बिल माफ करने की मांग को आखिरकार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मान लिया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट की बैठक हुई। जिसमें अन्य प्रस्ताव के साथ नलकूप बिजली बिल माफ योजना पर भी मंत्री समूह के द्वारा मोहर लगा दी गई है। प्रदेश की योगी सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से किसानों के नलकूपों का बिजली बिल माफ करने की घोषणा कर दी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी किसान को 1 अप्रैल 2023 से नलकूप का बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा। नलकूप बिजली का बिल माफ किए जाने के प्रस्ताव से प्रदेश के लाखों किसानों को फायदा पहुंचेगा। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी ने योगी सरकार के किसान नलकूप बिजली बिल माफ किए जाने का स्वागत किया है। प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कैबिनेट बैठक में किसानों के नलकूपों का बिजली बिल माफ करने का स्वागत किया है और कहा है कि भाजपा सदैव किसानों के साथ खड़ी दिखाई पड़ी है।

पहली बार उत्तर प्रदेश में किसी सरकार ने किसानों के नलकूप का बिजली का बिल माफ करने का काम किया है। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे व सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला और प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने भी सरकार के द्वारा किसानों का बिजली का बिल माफ किए जाने को किसानों के लिए बहुत बड़ा तोहफा बताया। इसके अलावा पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू, जिला महामंत्री जन्मेजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष शरद सिंह, विशाल पांडे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता जेपी सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जगन्नाथ पांडे, मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा, गोविंद सविता, महेंद्र पटेल आदि ने योगी सरकार की सराहना की है।

## सार-संक्षेप

### सिलेण्डर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि लालगंज बाईपास ओवर ब्रिज के पास से अभियुक्त मनोज गुप्ता पुत्र केदारनाथ निवासी गुरुबक्शगंज चौराहा कस्बा लालगंज को चोरी के 2 सिलेण्डर सहित गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल ने बताया कि 3 मार्च की रात्रि को अतुल सिंह पुत्र रुद्रपाल सिंह निवासी कोरिहरा थाना लालगंज के घर से 2 सिलेण्डर चोरी हुये थे. जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक सुरेश कुमार, सिपाही दल सिंह और पंकज दहिया शामिल रहे।

### ननिहाल आए युवक को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ननिहाल आये युवक ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। जगतपुर थाना क्षेत्र के कुसुमी गांव निवासी संदीप कुमार का कहना है कि सोमवार की शाम वो अपने मामा के घर पूरे बेनऊ मजरे किशुनदासपुर गांव आया हुआ था, जहां मामा के परिवार से गांव लोगों के बीच बिजली का कनेक्शन जुड़वाने को लेकर विवाद शुरू हो गया, आरोप है कि जब उसने बीच-बचाव किया तो उसके साथ उन लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मंगलवार को पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

### नसबंदी शिविर में चार महिलाओं का हुआ ऑपरेशन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित नसबंदी शिविर में सर्जन डॉ महमूद अख्तर द्वारा 4 महिलाओं व एक पुरूष की नसबंदी की गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि नसबंदी शिविर के दौरान पांच लोगों की सफलता पूर्वक नसबंदी की गई है।

### माइनर में मिला अज्ञात युवक का शव

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़ रजबहा से निकली अर्जुन माइनर में गांव के पास एक युवक का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और शिनाख्त लगाने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भेज दिया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि शव सड़ गया है जो तीन चार दिन पुराना लग रहा है। मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन मिला है, उसने नीली जींस, चेकदार हरे रंग की शर्ट और मटमैले रंग का हाफ स्वेटर पहन रखा है। उसके पास से मिले मोबाइल की सिम से उसकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बछरावां, रायबरेली।** सोमवार रात कस्बे के पटेल नगर कालोनी के पास एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विशाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी पटेल नगर कॉलोनी व लवकुश पुत्र राम प्रसाद निवासी बसंत खेड़ा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए। दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### रामचरित मानस सम्मेलन 8 से

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अलीपुर गांव में श्री रामचरितमानस सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मार्च से 10 मार्च को होगा। उक्त जानकारी सम्मेलन के आयोजक इंद्रदेव शुक्ला ने दी। कार्यक्रम के बारे में इन्द्रदेव शुक्ला ने बताया की मानस मर्मज्ञ एवं संत राघव किशोर रामायणी (इटावा), यज्ञेश मिश्रा (बांदा), नेपाली बाबा (नेपाल), राजनन्दनी (अयोध्या), अवधी सम्राट हरिनारायण तिवारी (बाराबंकी), रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी जी "प्रलयंकर" सहित अन्य साधू संत कार्यक्रम में पधार राम कथा का रसपान आम जन मानस कों कराएगे। भारी संख्या में भक्त पहुंच कार्यक्रम का उत्सव मनाए।

### भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर ब्लॉकों में हुए कार्यक्रम

**सलोन, रायबरेली।** मंगलवार को ब्लॉक परिसर में भाजपा द्वारा आयोजित सुझाव कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा नही रही जबकि उनके पति प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा का हस्तक्षेप था। ब्लॉक प्रमुख के न रहने से गिने चुने लोग अपना सुझाव पत्र पेटी में डाल कर चले गए। बताया जाता है कि राष्ट्रीय स्तर पर यह विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है। मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मिशन 2024 के लिए आम लोगों से संकल्प पत्र के जरिए सुझाव मांगे जा रहे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ बीजेपी नेता राजेंद्र चतुर्वेदी ने बताया की सत्ता में होने के बाद भी भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दे रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने घोषणा पत्र के लिए जनता से राय और सुझाव मांगे हैं।

### संकल्प पत्र को लेकर ब्लॉक सभागार में हुई चर्चा

**सतांव,रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा के आगामी लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को लेकर मंगलवार की दोपहर 2 बजे मलिक मऊ चौबारा स्थित ब्लॉक सभागार में हरचंदपुर विधानसभा कार्यकारिणी के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई। विधानसभा प्रभारी जन्मेजय सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने संकल्प के तहत देश के प्रत्येक नागरिक के सुझावों को एकत्र करने हेतु हर ग्राम सभा में एलईडी वाहन के द्वारा लोगों जानकारी देते हुये उनसे सुझाव मांगे जाएंगे। इस मौके पर विधानसभा के संयोजक कृष्ण जीवन तिवारी ने आने वाले दिनों में पार्टी के द्वारा होने वाले अन्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# डिजिटलाइजेशन का जारी रहेगा विरोध, सीएम तक होगी बात : समर

▶▶ उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ 11 मार्च को सौंपेगा ज्ञापन

संवाददात, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की संयुक्त कार्य समिति की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक अहमदपुर में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष महामंत्री एवं जनपदीय पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थित देते हुए वर्तमान में विभाग द्वारा डिजिटलाइजेशन के रूप में थोपी जा रही है। एकतरफा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।


बैठक के दौरान उपस्थिति शिक्षक। अमृत विचार

विभाग द्वारा पूर्ण संसाधन उपलब्ध कराए जाने तथा महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश को संगठन की ओर से पूर्व में प्रेषित 18 सूत्री मांग पत्र की मांगों को जब तक पूर्ण नही किया जाता तब तक इस व्यवस्था का संगठन द्वारा बहिष्कार किया जाता रहेगा।

बैठक में प्रांतीय नेतृत्व के पूर्व प्रेषित निर्देश कि एक से 05 मार्च तक समस्त संगठन के शिक्षक काली पट्टी बांधकर उक्त व्यवस्था के प्रति विरोध दर्ज कराएंगे। 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किए जाने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर महामंत्री सियाराम सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष शिव शरण सिंह, प्रवक्ता सुनील यादव, उपाध्यक्ष पन्नालाल, उत्तम सोनी, सुरेश कुमार अध्यक्ष अमांवा, राकेश कुमार अध्यक्ष बछरावां, हरिकेश बहादुर अध्यक्ष गौरा, दीपक कुमार अध्यक्ष जगतपुर, संजीव श्रीवास्तव, अब्दुल हलीम तथा खुर्शीद अहमद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ने शिक्षक की बाइक में मारी टक्कर, गंभीर

**खीरो,रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को खीरों सेमरी मार्ग पर स्थित गांव दुबेनखेड़ा गांव के पास अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने एक शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार शिक्षक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क के नीचे खेतों में चला गया। रायबरेली शहर के प्रगतिपुरम निवासी मोहम्मद गौस खान पुत्र इस्तियाक खान प्राथमिक विद्यालय डलऊखेड़ा में शिक्षक है। मंगलवार को वह अपने विद्यालय से बाइक द्वारा वापस घर जा रहे थे। तभी खीरों सेमरी मार्ग पर स्थित गांव दुबेनखेड़ा के पास अनियंत्रित अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षकों ने उन्हें सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों ने विद्यालय से पार किया एमडीएम का राशन व खेलकूद सामग्री

**बछरावां, रायबरेली।** सोमवार रात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय जीगो को अपना निशाना बनाया और भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम का राशन व बच्चों के खेलकूद की सामग्री पार कर दी है। स्मार्ट क्लास का भी ताला तोड़ा गया, पर गनीमत रही की स्मार्ट टीवी, बैटरी, यूपीएस, वेबकैम समेत अन्य सामान चोर नहीं ले गए। विद्यालय के तीन अन्य कमरों का भी ताला तोड़ा गया है। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शालिनी अवस्थी ने बताया कि सोमवार रात चोर विद्यालय में रखा चार बोरी चावल दो बोरी गेहूं वह 3 हजार कीमत की खेलकूद की सामग्री उठा ले गए हैं। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# उल्लास के साथ मनाएं होली पर्व: कोतवाल

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** मंगलवार को स्थानीय कोतवाली में कोतवाल संजय कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की गई। कोतवाल ने कहा कि होली के पर्व पर हुड़दंग न करें। उल्लास के साथ पर्व मनाए। बिना पूछे किसी पर रंग न डालें। बिना अनुमति के डीजे न बजाये। अभिभावक बच्चों को दोपहिया वाहन न दें। ग्राम प्रधान देशराज यादव ने बताया कि होलिका दहन स्थल पर बिजली का केवल लगा है। शिकायत के बावजूद नहीं हटाया गया है। इसी तरह खानपुर गांव के प्रधान राज बहादुर यादव ने कहा बिजली के तार काफी ढीले हैं और होलिका दहन स्थल पर लटक रहे हैं। इस पर कोतवाल ने कहा कि प्रार्थना पत्र दे दीजिए तार हटवा दिए जाएंगे। उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व खुशी के माहौल में शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। इस मौके पर उपनिरीक्षक अजय यादव, पूर्व प्रधान भीम सिंह, मोहनलाल, पिंकू पांडेय, बसंत बहादुर सिंह, आदित्य सिंह, रमेश कुमार,नरेंद्र बहादुर, गोवर्धन पाल आदि मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते कोतवाल। अमृत विचार

# सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए किया प्रेरित

लालगंज रायबरेली

**अमृत विचार।** मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री में चल रहे श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य कथा वाचक कैलाश नाथ तिवारी शांति कुंज हरिद्वार ने सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डाला और आज के युग में लोगों के समाज के प्रति समर्पण की कमी की ओर ध्यान दिलाया। भक्तजनों को धार्मिक कार्यो में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और इस बात पर जोर दिया कि हम अपने जीवन में धीरे-धीरे एक-एक बुराइ को गुरू दक्षिणा के रूप में दान करके छोड़ते जाए।


गायत्री महायज्ञ में आहुतियां डालते भक्त। अमृत विचार

गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन लगभग 150 भक्तों ने गायत्री महायज्ञ में अपनी आहुतियां दी और प्रार्थना में आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री परिवार एवं देश और विश्व में सुख शांति की कामना की। लालगंज नगर की बहनो ने पिछले दो दिन से 24 कुण्डीय यज्ञ के पूर्व की तैयारी के लिए श्रीमती प्रेमा सिंह की अगुवाई में कड़ी मेहनत की और गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलने के लिए सामूहिक पूजा समिति के पदाधिकारी मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल नैब सिंह, आर डी तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन, जितेंद्र कुमार, आशीष श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, मनोज यादव, महेश शर्मा, संतोष कुमार आदि रहे।

## मानस सम्मेलन की बैठक में कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**सलोन, रायबरेली।** मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर में रामचरित मानस सम्मेलन समिति की एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। समिति के अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी ने बताया कि आगामी 14 मार्च से 18 मार्च तक कस्बे के रामलीला मैदान में विगत वर्षो की भांति श्री रामचरित मानस सम्मेलन व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पीठाधीश्वर जगतगुरु 1008 रामानन्दाचार्य स्वामी श्री धीरेन्द्रचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम, मानस मर्मज्ञ सिद्ध सदन रिछारिया झांसी, रामफेर जी हृदयेश प्रतापगढ़, गया प्रसाद जी शास्त्री, महेंद्र मिश्र, व सुश्री रीना रामायणी जी सागर से पधार कर प्रभु श्री राम की कथाओं का अमृत पान करायेंगे।

बयानबाजी | बीजेपी के मोदी मेरा परिवार अभियान का किया समर्थन, रायबरेली में नही चलेगा प्रियंका गांधी का ग्लैमर

# भाजपा नेतृत्व तय करेगा, मैं तो सामान्य व्यक्ति हूं : मनोज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पूर्व हुए राज्य सभा चुनाव में सपा विधायक मनोज पांडेय के भाजपा का समर्थन करने के बाद अब वह खुलकर बीजेपी के पक्ष में बयान दे रहे है। मंगलवार को एसपी से मुलाकात करने गए सपा विधायक मनोज पांडेय से जब पत्रकारों ने सियासी माहौल पर चर्चा की तो उन्होने खुलकर योगी, मोदी का समर्थन किया।

भाजपा के मोदी का परिवार अभियान के सवाल पर सपा विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि देश में यह जरूरी नहीं की व्यक्ति केवल अपने परिवार के लिए जिए। लोकतंत्र में जनता का जनादेश जिनके साथ है वह अगर अपनी चिंता करेंगे तो उन्हें जनप्रतिनिधि होने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के पीएम हो य सीएम य फिर संवैधानिक पद पर जो भी लोग हैं उनके लिए सभी परिवार है। प्रधानमंत्री को लेकर कहा कि जो लोग किसी व्यक्ति पर निशाना साध रहे हैं कि उनका परिवार नहीं है तो उनका परिवार 135 करोड़ का है। आज वह पूरे देश के लोगो की चिंता कर रहे है। वह राशन, किसान सम्मान निधि देकर यह कह रहे है कि भारत में रहने वाला हर नागरिक हमारा देश व परिवार है। रायबरेली में चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा नेतृत्व तय करेगा, मै तो सामान्य व्यक्ति हूं।

### कांग्रेस का कौन सा गढ़

विधायक मनोज पाण्डेय से जब रायबरेली में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बारे पूछा गया तो उन्होने कहा कि यहां कांग्रेस का कौन सा गढ़ है। विधानसभा चुनाव में तीन विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई थी। कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन्होंने सिर्फ यहां रिश्ता ही यह रखा हो कि केवल चुनाव लड़ना है और पांच साल तक कोई ध्यान नही देना है। उन्होने कहा कि जो लोग जनता के सुख दुख में शामिल नहीं होते हैं उन्हें जनता से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं रायबरेली से उनकी दावेदारी के सवाल पर बोलने से इंकार कर दिया।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) नि:शुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India A Government of India Undertaking
अधिग्रहण सूचना (नियम 8 (1) अचल सम्पत्ति हेतु

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (2002 का धारा सं. 54) की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने को कहा था।
ऋणी के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया गया है।
ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और नीचे वर्णित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का बकाया धनराशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। **अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान के अनुसार ऋणी को अवगत कराया जाता है कि दिये गये समय के अन्तर्गत भुगतान करके बंधक आस्ति को मुक्त करा लें।** जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | ऋणी/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण | देय सूचना /अधिग्रहण की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| शाखा: रायबरेली ई-आंध्रा शाखा, उत्तर प्रदेश | | | |
| 1- | **ऋणी- 1. मेसर्स कृष्णा इंटीरियर्स,** पता: 310/24 आदर्श नगर रायबरेली 229001 2. प्रोप. अनुज कृष्णा **जमानतकर्ता: श्रीमती रमा श्रीवास्तव** पत्नी श्री कृष्ण स्वरूप श्रीवास्तव | श्रीमती रमा श्रीवास्तव पत्नी श्री कृष्ण स्वरूप श्रीवास्तव के स्वामित्व में आवासीय भूमि की सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड एवं दो मंजिला इमारत मकान नंबर 532 (पुराना) एवं नया मकान नंबर 311 वार्ड नंबर 19 क्षेत्रफल 207 वर्ग मी0 स्थित चक दौलताबाद (आदर्श नगर) परगना तहसील एवं जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश 229001, **चौहद्दी: उत्तर:** पेवर ब्लॉक रोड, **दक्षिण:** बजरंगी लाल गुप्ता का मकान, **पूर्व:** पेवर ब्लॉक रोड **पश्चिम:** कृष्ण स्वरूप श्रीवास्तव का मकान | 16.10.2023 01.03.2024 रु. 9,97,740.03 + दिनांक 16.10.2023 तक ब्याज, उसपर ब्याज एवं शुल्क |

दिनांक : 06.03.2024, स्थान: रायबरेली — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# रोजगार मेले में 151 अभ्यर्थी हुए चयनित



रोजगार मेला की जानकारी देते खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर।

**राही, रायबरेली।** पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन ब्लॉक राही के प्रांगण में किया गया। इसमें कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्राइवेट लिमिटेड, लेन्सकार्ट, पुखराज हेल्थकेयर एवं डॉन बास्को ने हिस्सा लिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में 296 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर, प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई (महिला) रायबरेली नेहा, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दिनेश पाल आदि मौजूद रहे।

# अगर प्रियंका प्रत्याशी बनीं तो जिले की बदलेगी आबोहवा

- **सांसद सोनिया गांधी के पत्र से कांग्रेसी आश्वस्त, भाजपा के विकास के दावों को बताया छलावा**

अशोक श्रीवास्तव, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर अभी तक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन गांवों में प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। सबसे अहम भाजपा द्वारा रायबरेली में कमल खिलाने को लेकर किए जा रहे दावें। भाजपा सरकार की उपलब्धियों के सापेक्ष कांग्रेसियों के साथ आमजन गांधी परिवार की ओर से जिले में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा करने लगे हैं। उनका मानना है कि अभी भी जनपद में कराए गए विकास कार्य भाजपा के दावों पर भारी पड़ेंगे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर प्रियंका गांधी यहां से नामांकन करती हैं तो उनका चुनाव नेता या कार्यकर्ता नहीं लड़ेंगी बल्कि जनता ही संचालन करेगी। विरोधी मतगणना के बाद बड़े बोल बोलना बंद कर देंगे।

गिरीश सिंह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हैं व कहिंजर गांव के निवासी हैं। इनका कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सरेनी की सड़कें रातों रात बनाई जाती थीं। 1976-77 में गेगासों गंगापुल का निर्माण कराकर लखनऊ व फतेहपुर के मध्य सीधा आवागमन शुरू करा दिया था। रेल कोच कारखाना व रेल पहिया कारखाना खोलकर उन्होंने लालगंज के जंगल में मंगल करा दिया। इससे हजारों को रोजगार मिला। इसके अलावा पेपर मिल्स, शुगर मिल व एयर पोर्ट भी बनवाए जबकि भाजपा गुमराह कर इसे अपनी उपलब्धियां बता रही है।


गिरीश सिंह


सूर्यबली सिंह


सुंदर सिंह


अजय सिंह

सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं नीबी निवासी सूर्यबली सिंह कांग्रेस के कट्टर समर्थक हैं। इनका कहना है कि गांधी परिवार के त्याग व बलिदान को भुला पाना आसान नहीं है। पंजाब में आतंकियों का सफाया करने का खमियाना उन्हें अपनी जान देकर गंवाना पड़ा। इसी तरह लिट्टे आतंकवादियों को समाप्त करने के चक्कर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को अपने प्राणों की बलि देनी पड़ी थी। इस परिवार का इतिहास बलिदानों से भरा पड़ा है। इनका चुनाव जिले में नेता या कार्यकर्ता नहीं लड़ते बल्कि जिले की जनता लड़ती है। इन्हें फिलहाल यहां से हराने वाला कोई नहीं है।

सुंदर सिंह सिकरवार कांग्रेस से लगभग दो दशकों से जुड़े हैं। इनका कहना है कि पहले गरीब वृद्धों व निराश्रित महिलाओं को तीन सौ पेंशन मिलती थी, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था, जो हर माह मिल जाती थी। लेकिन भाजपा सिर्फ एक हजार रुपए का ढिंढोरा तो पीटती है जबकि पेंशन पाने वाले ब्लॉक, विकास भवन या कंप्यूटर वाले के ही चक्कर लगाते हैं। निराश्रित महिलाएं ही सरकार को पानी पी करके कोस रही हैं। कहती हैं कि आवारा मवेशियों से किसानों की फसलें तबाह हो रही हैं जबकि भाजपा सम्मान निधि का ढिंढोरा पीटकर किसानों के गुस्से में इजाफा करने में लगी है। सरेनी प्रथम से जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह एडवोकेट का कहना है कि जिले के विकास में जितना योगदान गांधी परिवार का रहा है उसके नजदीक भी वर्तमान सरकार नहीं पहुंच पाई। लोग यह मानकर चल रहे हैं कि जिन लोगों ने गांधी परिवार का फायदा उठाकर अपना विकास किया है। वहीं नारे में अनाप शनाप बोलकर जनता का गुस्सा बढ़ा रहे हैं जिसका खामियाजा उन्हें इसी चुनाव में देखने को मिल जायेगा। रायबरेली से गांधी परिवार के तिलिस्म को तोड़ना सिर्फ सपना बनकर रह जायेगा।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ट्रेन से कटकर युवक व युवती की मौत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक व युवती की कट कर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊंचाहार रायबरेली रेलवे खंड पर बन पुरवा के पास शौच क्रिया के लिए गई एक किशोरी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुराइन के पुरवा मजरे बेनी कामा की रहने वाली साक्षी पुत्री आदित्य कुमार मौर्य मंगलवार सुबह शौच क्रिया के लिए गई थी। काफी देर तक घर वापस न आने पर घर वालों तथा ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू कर दी तब थोड़ी देर बाद पता चला कि उसका शव बनपुरवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। बेटी के मौत के बाद पिता तथा मां का रो रो कर बुरा हाल है। एस ओ बबिता पटेल ने बताया कि शौच क्रिया के लिए गई किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई है। जिससे उसकी मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


रेलवे लाइन पर लगी लोगों की भीड़।

### रेलवे ट्रैक पर सुबह मिला युवक का शव

**अमावां।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली प्रतापगढ़ रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की सुबह एक युवक का शव पड़े होने की खबर से सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराई। मंगलवार सुबह रायबरेली प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर रुपामऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की खबर चर्चा हुई। कुछ ही देर में आसपास के गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त थाना क्षेत्र के राघनपुर निवासी पप्पू के बेटे श्यामू के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर जीआरपी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।



विजेता प्रतिभागियों के साथ सलोन विधायक अशोक कुमार, भाजपा किसान मोर्चा अमेठी जिलाध्यक्ष सचेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह व अन्य।

# आज आएंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति विजेताओं को करेंगी सम्मानित

**परशदेपुर, रायबरेल।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी छह मार्च को सलोन आएंगी। यहां पर महिलाओं के लिए गांव-गांव आयोजित हुए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति छह मार्च को सुबह दस बजे सलोन विधान सभा क्षेत्र की सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर के विशाल टाकीज के करीब मैदान में पुरस्कार वितरण करेंगी। इस दौरान वह महिलाओं से सीधा संवाद भी करेंगी। इससे पहले छतोह में विधायक अशोक कुमार, भाजपा किसान मोर्चा अमेठी जिलाध्यक्ष सचेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण प्रत्र वितरित किया। इस मौके पर रमाकांत तिवारी, मोहम्मद सोहराब, अभय तिवारी, हर्षित सिंह, दीपू तिवारी, अंकेश प्रताप सिंह, मुरली, छोटे यादव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध महिला की मौत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** खेत में फसल देखने गई बुजुर्ग महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिसे गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिसकी इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के टीसाखानापुर गांव निवासी 70 वर्षीय गोविंदा पत्नी हीरालाल अपने खेत पर फसल देखने गई थी। इसी दौरान पास के ही पीपल के पेड़ पर लगी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे वह वही बेहोश होकर गिर गई। घटना की जानकारी पर परिजनों द्वारा उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जनता के सुझाव पर भाजपा बनाएगी घोषणा संकल्प पत्र


सुझाव पेटिका दिखाते भाजपा पदाधिकारी।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं के सुझाव पर अपना घोषणा संकल्प पत्र जारी करेगी उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने पत्रकारों के साथ मुखातिब होते हुए कहा। विधानसभा संयोजक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन के द्वारा गांव-गांव मोदी की गारंटी वैन भेजी जाएगी और उसी में सुझाव पेटिका रखी जाएगी। इस सुझाव पेटिका में मतदाताओं से सुझाव लिए जाएंगे। मतदाता सरकार से क्या अपेक्षा करता है उसे घोषणा संकल्प पत्र में समाहित किया जाएगा। विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने कहा कि भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का कार्य करती है। वीडियो वैन के संयोजक भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हर युवा को रोजगार, हर घर को राशन और हर महिला की सुरक्षा मोदी की गारंटी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, शिवम गुप्ता व अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### दिल का दौरा पड़ने से सीआरपीएफ जवान की मौत

**राही, रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के बेलाभेला निवासी सीआरपीएफ जवान का दिल का दौरा पड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रेम कुमार पुत्र देवतादीन आसाम में सीआरपीएफ में तैनात था। ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने पर साथी कर्मचारियों ने उसे विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार गम में डूबे गया। सीआरपीएफ के साथी प्रेम कुमार की लाश लेकर गांव पहुंचे। पैत्रक घर के दर्शन के बाद डलमऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पड़ोसी कुशलेश कुमारी ने बताया कि मृतक का परिवार रायबरेली में रहता है। पैत्रक घर होने के कारण यहां थोड़ी देर के लिए मृतक प्रेम कुमार का शव यहां लाया गया था। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। मृतक का बेटा नितिन अविवाहित है जबकि बेटी कोमल शादीशुदा है।

### दहेज के लिए प्रताड़ित कर भगाया

**ऊंचाहार, रायबरेली।** महिला को दहेज के लिए उसके ससुराल वालों ने मारपीट करके उसे मायके छोड़ दिया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे खुशियाल मजरे रायपुर निवासिनी रीना देवी की शादी दो साल पहले उधवामऊ निवासी युवक से हुई थी। महिला के आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए तरह तरह से प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसका पति उसको लेकर पंजाब गया। जहां ढाबा खोलने के लिए पांच लाख रुपया दहेज में लाने के लिए दबाव डालने लगा। उसके बाद इसको मारपीट करके उसके मायके के पास गांव से बाहर छोड़ गया है। मंगलवार को कोतवाली पहुंची पीड़िता ने तहरीर दी है।

### मैराथन दौड़ में महिलाओं ने खूब बहाया पसीना

**सलोन, रायबरेली।** कस्बे में मैराथन दौड़ की एक अनोखी प्रतियोगिता हुई जिसमें विवाहित, अविवाहित या फिर पुलिस विभाग में सेवाए दे रही महिला आरक्षी सभी एक साथ दौड़ी तो लोगों ने दांतों तले अंगुलिया दबा ली थी। जानकर हैरान रह जाएंगे की यह दौड़ आसान नही थी, क्योंकि सभी को एक साथ दौड़ना था, वह भी लगभग डेढ़ किलोमीटर तक। जोश और जुनून महिलाओं में इस कद्र हावी था की सांसद स्मृति ईरानी द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में नारी शक्ति ने जमकर पसीना बहाया है। क्षेत्रीय सांसद और घर घर में दीदी के नाम से जाने जानी वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिलाओं के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन कराया था। विधायक अशोक कुमार कोरी ने ब्लॉक परिसर से हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद नारी शक्तियों ने जमकर रेस लगाई। लगभग डेढ़ किलो मीटर के मैराथन दौड़ को नवीन कृषि मंडी के पास समापन किया गया। विधायक अशोक कोरी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं का उत्थान हुआ है। सांसद स्मृति ईरानी से देश की महिलाओ को नारी सशक्तिकरण का बल मिला है। जिसके कारण आज लगभग डेढ़ हजार महिलाओं ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया।


मैराथन दौड़ में रेस लगातीं महिलाए।

### विकसित भारत संकल्प पद यात्रा को लेकर हुई बैठक

**जगतपुर, रायबरेली।** ब्लॉक सभागार में विधानसभा स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को ब्लॉक सभागार में विधानसभा स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक की गई। जिसके मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह व दल बहादुर सिंह रहे। बैठक में 5 मार्च से 15 मार्च तक चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव लोगों को जागरूक किया जाएगा। वैन के साथ सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी। जिसमें क्षेत्रीय लोग अपने सुझाव भेज सकते है। जिस क्षेत्र की जो समस्याएं हो वह सुझाव पेटिका में अपनी समस्या पत्र के माध्यम से सुझाव दे सकते है। विधानसभा संयोजक राकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि विधानसभा स्तरीय बैठक की गई थी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और उन्हें यह जानकारी दी गई।

# असलहा लहराने के मामले में नया मोड़ आरोपी की पत्नी ने लगाए आरोप

फॉलोअप

- **बोली, पीडब्ल्यूडी घटना के बाद अब नगर पालिका में टेंडर हथियाने के लिए रची गई साजिश**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पालिका में हुए ठेकेदारों के मध्य विवाद में मंगलवार को उस समय नया मोड़ आ गया जब असलहा लहराए जाने वाले आरोपी की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। साथ ही पुलिस अधीक्षक से मिलकर कहा कि मेरे पति को टेंडर हथियाने के लिए साजिशन फंसाया गया है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो सके।

गौरतलब है कि आरोपी राघवेंद्र प्रताप की पत्नी गुंजन सिंह ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंचकर तीन नामजद लोगों पर नगर पालिका के टैक्सी स्टैंड का ठेका हथियाने के लिए धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए कहा ये लोग पूर्व में भी उनके पति को ठेकेदारी व्यवसाय से हट जाने के लिए धमकाते रहे है। ठेकेदारी व्यवसाय से न हटने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे है। इस बार भी उन्होंने नगरपालिका के टैक्सी स्टैंड का ठेका हथियाने के लिए उनके पति पर साजिशन असलहा लहराने का झूठा आरोप लगा दिया।

जबकि हकीकत यह है कि वे येन-केन प्रकारेण नगरपालिका में टेंडर लेना चाह रहे हैं। इसके लिए पर्दे के पीछे से पहले भी कई प्रयास करते रहे है। इन प्रयासों से सफल न होने पर उन्होंने उनके पति के ऊपर असलहा लहराने का आरोप लगा दिया। हरचंदपुर की रहने वाली गुंजन सिंह ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर साजिशकर्ताओं को बेनकाब करने व उनके पति को न्याय देने की गुहार लगाई है।


नगर पालिका में हुए विवाद में शिकायती पत्र दिखाती आरोपी की पत्नी गुंजन सिंह।

> एक पक्ष से तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। दूसरे पक्ष की महिला घटना के आरोपी की पत्नी है। उसके द्वारा दिये गए शिकायती पत्र की जांच की जा रही है। जांचोपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। सीसीटीवी में कुछ लोग भागते दिखाई दे रहे हैं। जांच के बाद भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
>
> -अमित सिंह
> क्षेत्राधिकारी नगर, रायबरेली

### सीएम के आदेश पर पानी फेर रहे अफसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि किसी भी माफिया, गुंडे, अपराधी को सरकारी टेंडर न दिया जाये। लेकिन जनपद के अफसर मुख्यमंत्री के आदेश को ताक पर रखे हुए हैं। अब तक की हुई घटनाओं में साफ पता चला रहा है कि टेंडर में कहीं ना कहीं इन लोगों का हाथ है। सबसे अहम बात कि घटना नगर पालिका परिषद कार्यालय में होती है। तमंचा लहराने को लेकर सीसीटीवी में फुटेज तक नहीं मिला है। यह कहीं ना कहीं बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है।

# रेंजर प्रशिक्षण शिविर में कर्तव्य निष्ठा का संदेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डा. सुषमा देवी ने दीप प्रज्जवलन और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान छात्राओं ने रंगोली बनाकर सबको आकर्षित किया।

प्राचार्य के साथ ट्रेनर साधना शर्मा, लक्ष्मी सिंह का स्वागत रेंजर्स प्रभारी गौसिया नायाब द्वारा बुके, बैज, स्कार्फ भेंट कर किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कुलगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं ने प्रस्तुत किए। इसमें विद्या, शालिनी, अनुपम, मुस्कान, महिमा, अर्चिता, दीपिका, तनु, अदिति आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं रेंजर्स के इतिहास के बारे में रेंजर्स प्रभारी गौसिया नायाब द्वारा बताया गया। ट्रेनर साधना शर्मा ने चंद पंक्तियों को सुनाते हुए कहा कि उनकी कुदरत में शामिल है, हर मुश्किल में हल देना, हमारा काम है पेड़ लगाना, उनका काम है फल देना कहकर शिविरार्थियों को कर्तव्य निष्ठा का संदेश दिया।


इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली।

# अभाविप ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

**रायबरेली।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं के यौन उत्पीड़न व दुर्व्यवहार के मामले को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ो छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो पदाधिकारीयों ने धरना प्रदर्शन करते हुए टीएमसी सरकार का पुतला फूंका और जिला जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन सौपा। अभविप के विभाग संयोजक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि ममता सरकार में जिस तरह से महिलाओं पर हिंसात्मक घटनाएं हो रही हैं। उस पर सरकार लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है यही नहीं टीएमसी सरकार अपने नेताओं को लगातार पुलिसिया कार्यवाही से बचा भी रही है। ऐसे कई गंभीर आरोप लगाते हुए टीएमसी सरकार का पुतला फूंका गया है। अभविप के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांग है कि वहां पर पीड़ित महिलाओं को न्याय मिले। मामले की जांच में स्थानीय अधिकारियों का हस्ताक्षेप न और और केंद्र से इसकी जांच हो।

# पूर्व मंत्री के बेटे ने लगाया डंपर गायब करने का आरोप

**खीरो, रायबरेली, अमृत विचार।** पूर्व राज्यमंत्री के बेटे से दो वर्ष पूर्व भाड़े में डंपर लेकर जालसाजों ने लगभग 22 लाख भाड़ा व डंपर गायब कर दिया और मांगने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने पूर्व राज्यमंत्री के बेटे के शिकायती पत्र के आधार पर भाड़े पर डंपर ले जाने वाले जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ पंजाबी सिंह के बेटे अभिषेक विक्रम सिंह ने आरोप लगाया है कि दो वर्ष पूर्व 6 जनवरी को मेरे डंपर को रईस अहमद निवासी शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड ने भाड़े में चलाने के लिए लिया था। जिसका कुल भाड़ा 30 .8 लाख में 8 .25 लाख किस्तों में भुगतान किया। जब मैंने शेष भाड़ा मांगना शुरू किया तो रईस ने अपना फोन बंद कर लिया। उसके घर जाकर भाड़ा मांगा तो वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। रईस अहमद मुझसे धोखाधड़ी करके कूट रचित दस्तावेज तैयार करके डंपर चला रहा है। जिससे वह कभी कोई दुर्घटना अपराध कर सकता है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

विकास

दो सौ साल पुराने रेलखंड का किया जायेगा दुरुस्तीकरण

# ऊंचाहार कानपुर रेलखंड की बढ़ेगी ऊंचाई, रेलवे ने शुरू किया काम

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** करीब दो सौ साल पुराने ऊंचाहार कानपुर वाया उन्नाव रेलखंड की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इस रेलमार्ग पर रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ने के बाद अब इसे नए सिरे से दुरुस्त किया जा रहा है। ऊंचाहार कानपुर रेलमार्ग को करीब 12 इंच ऊंचा किया जा रहा है। इस काम में रेलवे की पूरी यूनिट लगाई गई है, जिसमें चार अत्याधुनिक मशीने भी शामिल हैं। मंगलवार से यह काम ऊंचाहार से शुरू हुआ है। 18 वीं शताब्दी में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान बनी यह रेल लाइन काफी पुरानी है। इस रेलखंड के विद्युतीकरण होने के बाद इसमें मालगाड़ियों की संख्या बढ़ गई है। प्रतिदिन दो एक्सप्रेस ट्रेन और दो पैसेंजर ट्रेनों के आवागमन के साथ करीब आधा दर्जन से अधिक मालगाड़ियों का आवागमन होता है।

### रेल लाइन नीचे होने के कारण होती थी दिक्कत

रेलवे के तकनीकी जानकारों ने बताया कि यह रेल लाइन काफी नीची थी। अरसे से दुरुस्तीकरण न होने के कारण रेल संचालन में परेशानी होती थी। रेल लाइन के नीचे मिट्टी होने के चलते उसमे गिट्टी डालने और गिट्टी की कुटाई भी ठीक से नहीं हो पाती थी। अब रेल लाइन को करीब 12 इंच ऊपर उठाकर उसके नीचे गिट्टी डालने का काम हो रहा है। जिससे रेल लाइन में मजबूती के साथ साथ रेल फ्रैक्चर की संभावना भी काफी कम हो जायेगी।



रेलवे लाइन पर काम करती मशीने। अमृत विचार

### काम में लगाई गईं चार मशीनें

ऊंचाहार कानपुर रेलखंड को ऊपर उठाने में कुल चार मशीनें लगाई गई है। पहली मसीन रेल लाइन के नीचे से कूड़ा आदि की सफाई करती है। उसके पीछे दूसरी मशीन रेल पटरी को ऊपर उठाने के साथ उसके नीचे गिट्टी डालती है। तीसरी मशीन गिट्टी की कुटाई के साथ सेटिंग करती है, जबकि सबसे पीछे लगी मसीन सारे कामों की गुणवत्ता परखने के साथ खामी को इंगित करती है। इस प्रकार से सारा काम एक साथ हो रहा है, ताकि रेल संचालन में कोई अवरोध न होने पाए।

## एक नजर

### अन्नपूर्णा से भरेगी गरीबों की रसोई

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** गरीबों को सस्ते दर पर दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन की स्थापना करा रही हैं। जिसमें से विकास खण्ड की ग्राम पंचायत हरैया में अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरैया में प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के बाद मंगलवार को विधायक रामपाल वर्मा, बीडीओ कोथावां व आपूर्ति निरीक्षक सण्डीला के द्वारा उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा कि अब कार्ड धारकों को राशन के साथ-साथ दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगी। इस दौरान बीडीओ महेश चन्द्र, एपीओ आलोक अस्थाना, आपूर्ति निरीक्षक सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे।

# देवबंदी और बरेलवी समुदाय के बीच चल रहे विवाद का निकला समाधान

## सीओ ने बरेलवी समुदाय के यूसुफ रजा को बनाया मस्जिद का इमाम

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला गिलजई में वर्षों पुरानी नूरी मस्जिद के इमाम को लेकर देवबंदी और बरेलवी समुदाय के लोगों में दो दिन से से चल रहे विवाद में काफी जद्दोजहद के बाद सीओ ने बरेलवी समुदाय के इमाम को रख कर विवाद को समाप्त करवाया।

शाहाबाद के मोहल्ला गिलजई में बरेलवी समुदाय के मुस्लिम ही अधिक संख्या में रहते हैं। देवबंदी समुदाय के मुस्लिम जो बाहर के रहने वाले थे, कुछ संख्या में मोहल्ले में मकान बनाकर उस रहने लगे। लगभग चार वर्ष पूर्व बरेलवी समुदाय के लोगों ने मस्जिद के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाते हुए निर्माण कार्य शुरू करवाया। बरेलवी समुदाय के ही हाजी अहमद खां मस्जिद की देखरेख किया करते थे। तीन साल से मस्जिद की देख रेख साबिर खां पुत्र वारिस खां कर रहे हैं। देवबंदी समुदाय के मुस्लिम लोग अपने समुदाय का इमाम मस्जिद में रखना चाह रहे थे। इसको लेकर तीन दिन से बरेलवी समुदाय के मुस्लिम हंगामा कर रहे थे। दो दिन से कोतवाली में सैकड़ों की संख्या में बरेलवी समुदाय के लोग कोतवाली में एकत्रित हो रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने विवादित मस्जिद का निरीक्षण कर दोनों पक्ष के लोगों को सीओ के समक्ष प्रस्तुत किया। सीओ अनुज मिश्रा ने दोनों समुदाय के लोगों की बात को सुनकर बरेलवी समुदाय के यूसुफ रजा को मस्जिद इमाम घोषित कर विवाद शांत करवाया। बरेलवी पक्ष से साबिर, हाशिम, राशिद, शाजीम, रिंकू, दिलशाद तथा देवबंदी समुदाय के इलियास पुत्र अरबी हसन, हनीफ, रईस सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### पिंक सार्वजनिक शौचालय बदहाल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय पर प्रशासन द्वारा महिलाओं के लिए बनाया गया पिंक शौचालय पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। तहसील मुख्यालय पर आने वाली महिला वादकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिकायतों के बाद भी महिला पिंक शौचालय में व्यवस्थित नहीं हो सका। यह पांच सीटर महिला पिंक शौचालय है, लेकिन इस वक्त पूरी तरह से बदहाल पड़ा हुआ है। मोटर फुंक चुका है। पानी की सारी टोंटियां और टंकियां टूटी हुई है।




# लोक अदालत का सार, न किसी की जीत न किसी की हार

हरदोई

**अमृत विचार।** 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए इन दिनों दीवानी अदालतों से लेकर मोटर दुर्घटना अधिकरण तक लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संबंधित अधिवक्तगणों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश शमसुल हक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश सुधाकर दुबे ने मंगलवार को संयुक्त बैठक की ।

न्यायाधीश श्री हक ने कहा कि लोक अदालत में आपसी सहमति से मुकदमे का निपटारा कराने से न ही किसी पक्ष की हार होती है और न ही किसी पक्ष की जीत होती है। उन्होंने कहा कि पीड़ित को जहां एक ओर शीघ्र न्याय मिल जाता है वहीं दूसरी ओर आपसी भाईचारा कायम होता है। श्री हक ने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है। चर्चा में बीमा कंपनी अधिवक्ता एसके सिंह, प्रदीप जैन, संजीव श्रीवास्तव, राजीव मिश्र, संजीव दुबे, सर्वेश रस्तोगी, श्रवण दीक्षित, संजीव सिंह,अधिवक्ता अनिल तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने शिरकत की। उधर जिला जज राजकुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को जनपद की विभिन्न बैंकों के ऋण वसूली संबंधित मामलों को अधिकाधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने के लिए न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले की विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से चर्चा की तथा सुलह समझौता में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल की। ने कहा कि बैंक रिकवरी के अधिकाधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने का प्रयास करें, जिससे लोक अदालत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा सके। बैठक में प्राधिकरण सचिव सुधाकर दुबे, सिविल जज तूलिका बंधू, अर्शी नूर, विवेक चौधरी, प्रवीन कुमार गौतम, मो. जीशान खान, इंडियन बैंक से आशुतोष मिश्रा, कैनरा बैंक से दीप्ति सिंह, पीएनबी से पंकज पाण्डेय मौजूद रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक में चर्चा करते न्यायाधीश एवं अधिवक्ता। अमृत विचार

### जिला जज के आश्वासन पर टली हड़ताल

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला जज राज कुमार सिंह के आश्वासन पर अधिवक्ताओं की तीन दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल पर विराम लग गया। इसके साथ ही लोक अदालत के बहिष्कार का प्रस्ताव भी टल गया। बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक मंगलवार की दोपहर अधिवक्ता संघ सभागार में हुई। जिसमें जिला जज राजकुमार सिंह को आमंत्रित किया गया था। जिला जज के समक्ष अधिवक्ताओं ने तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय के जाने के प्रस्ताव को रोके जाने की मांग उठाई। जिला जज ने कहा कि फिलहाल अभी तक किसी भी तहसील में ग्राम न्यायालय जाने का आदेश नहीं आया है। कहा कि वैसे तो ग्राम न्यायालय के गठन का जब प्रस्ताव मंजूर हुआ था, उसी समय पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं को इसका विरोध करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वह स्वयं नहीं चाहते हैं कि न्यायिक कार्य में किसी प्रकार की बाधा पड़े और अधिकारियों से लेकर वादकारियों को कोई दिक्कतों का सामना करना पड़े। जिला जज के आश्वासन पर अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ल ने प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित किए जाने का फैसला लिया। संचालन महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बताते चलें कि बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को हुई थी, जिसमें तय किया गया था कि मंगलवार को सभागार में जिला जज को बुलाया जाएगा और उनसे विभिन्न तहसीलों में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय को रोके जाने को लेकर वार्ता की जाएगी। यदि बात नहीं बनी तो समस्त न्यायिक कार्यों से विरत रहकर आंदोलन चलाया जाएगा।

# बंदरों के दौड़ाने पर महिला छत से गिरकर हुई घायल

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बावन निवासी शब्बन की पत्नी शबनम सोमवार की शाम छत पर खाना बना रही थी, तभी उसको बंदरों ने दौड़ा लिया। छत से गिरकर उसका कंधा टूट गया।

शहर के एक निजी नर्सिंग होम में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने की सलाह दी है, इससे पहले करीब 15 दिन पहले मोहल्ला बगदाद में एक महिला की छत से गिरकर मौत हो चुकी है। बंदरों ने पिछले तीन महीनों के अंदर आधा दर्जन से अधिक महिला, पुरुष और बच्चों को अपना शिकार बनाकर घायल कर दिया है। ग्रामीण भी अपनी तरफ से बंदरों को भगाने की काफी कोशिश कर रहे हैं, मगर उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही है। ग्रामीण प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि इन बंदरों को जल्द से जल्द पकड़वाया जाए। सुबह होते ही बंदर कस्बे में आ जाते हैं। बंदर घरों में रखी खाने पीने की चीजों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर देते हैं। साथ ही कीमती चीजों को भी बंदर घरों से उठाकर ले जाते हैं। जब ग्रामीण इनकी तरफ भागते हैं तो बंदर उन पर हमला कर देते हैं।

# जांबाज मार्कोस कमांडो ने नियमित योग पर दिया बल

हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** 26 नवंबर 2008 को मुंबई के ताज होटल में फंसे 150 लोगों की जान बचाने के लिए सीने पर चार गोली खाकर आतंकियों का मुकाबला करने वाले मार्कोस कमांडो आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने मंगलवार को कस्बे के गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में अपने संघर्ष की दास्तान बताते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि आतंकी हमले में चार गोली लगने से उनके फेफड़े बुरी तरह जख्मी हो गए थे। बड़े अस्पतालों में इलाज के बाद चिकित्सकों ने कहा कि वह किसी भी वक्त अपना शरीर छोड़ सकते हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और योग ऋषि स्वामी रामदेव की प्रेरणा से प्रतिदिन चार-चार घंटे योग करके अपने शरीर को ठीक कर लिया है। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और पूरी दुनिया में पहले दिव्यांग आयरन मैन का खिताब हासिल किया। उन्होंने कहा कि जिंदगी में देश के प्रति कुछ कर गुजरने का जज्बा आज भी उनके दिल में है, इसीलिए वह जिलों के प्रवास पर लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### रेलवे में रिमूव फ्रॉम सर्विस का विरोध

**हरदोई, अमृत विचार।** आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) की केंद्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर पूरे भारत की हर एक लोको लॉबी पर गलत ढंग से नियम 14/2 का इस्तेमाल और बिना किसी जांच के रेल कर्मियो को रिमूव फ्रॉम सर्विस करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया है। मुरादाबाद मंडल की लॉबी पर बरेली, मुरादाबाद, रोजा, बालामऊ, हापुड़, लक्सर, देहरादून में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को बालामऊ जंक्शन लोको लॉबी के सामने एसोसिएशन के लगभग 25 से 30 लोगो के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए 14/2 का नियम के खिलाफ होने वाले इस्तेमाल को बंद करने और जिन रेल कर्मियों पर कार्रवाई की गई,उसकी वापसी की मांग की।




### एबीवीपी ने टीएमसी सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन व फूंका पुतला

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तृण मूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होंने पीड़िताओं को न्याय दिलाने की मांग की। मल्लावां संवाददाता के अनुसार तेरवाकुल्ली चौराहे पर एबीवीपी संडीला नगर इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के नेताओं द्वारा अत्यंत पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित वर्ग की महिलाओं के साथ पार्टी कार्यालय पर शारीरिक व मानसिक शोषण की घोर निंदा करते हुए सत्ता संपोषित संलिप्त अपराधियों व भ्रष्ट सरकार के खिलाफ़ जमकर विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका। कार्यक्रम में प्रांत कार्यसमिति सदस्य नीरज कुशवाहा ,नगर मंत्री नितिन राजपूत, नगर सह मंत्री सुमित गौतम ,सौरभ पाल आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** ज़रूरत के मुताबिक उधार लिए गए रुपयों की देनदारी पर नीयत में खोंट आ गई और धोखाधड़ी कर ली। इस मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। टड़ियावां थाने के पन्हैया निवासी अभिषेक कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि इसी थाने के भैंसरी गांव निवासी अनुज सिंह ने उससे 22 सितंबर 2017 को तीन लाख 25 हज़ार रुपये उधार लिए थे। तीन लाख वापस करने के बाद 25 हजार रुपये वापस करने से मुकर गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पुलिस ने कंपनी के टॉवर चोरी मामले की फाइल की बंद

हरदोई

**अमृत विचार।** जीटीएल (ग्लोबल टेलीसिस्टम्स लिमिटेड) कंपनी के तीन टॉवर चोरी के मामले की जांच पुलिस ने रोक दी है। कोतवाली शहर में दर्ज कराए गए मामले में कई बार की पूछताछ बेनतीजा रही, अपने को फंसता देख खुद कंपनी के अधिकारी पीछे हटने लगे। इसके बाद पुलिस ने केस की फाइल बंद कर उस पर एफआर लिख दिया है। जौनपुर के भीलमपुर निवासी संजीव सिंह ने खुद को जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का टेक्नीशियन बताते हुए कोतवाली शहर पुलिस को अपनी आन-लाइन तहरीर में कहा था कि लालपालपुर निवासी जगपाल सिंह ज़मीन पर कंपनी का टॉवर लगा था। जिसे अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी। जांच के दौरान कंपनी के अधिकारी फंसने लगे तो पुलिस सहयोग करने से कतराने लगे।



## एक नजर

### मॉडल प्रतियोगिता में पहले पायदान पर चमकी चांदनी

**हरदोई, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में दो दिवसीय परिषदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा .नेत्रपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की थीम जलवायु परिवर्तन के तहत सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन डा .अमलेश यादव, डा .सुमन यादव और रघुनन्दन पंत द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी सेमेस्टर चतुर्थ की श्रेया श्रीवास्तव के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता में बीएससी सेमेस्टर चतुर्थ की आयुषी जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माडल प्रतियोगिता में बीएससी सेमेस्टर द्वितीय की चांदनी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पावर प्वांइट प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में एमएससी सेमेस्टर चतुर्थ के अरुण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रमों की थीम के अनुसार छात्र-छात्राओं ने हर्षोउल्लास के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डा .मंजू यादव,डा .कुलदीप कुमार,डा . बृज मोहन यादव व डा . शिवम मौर्य रहे।

### सत्संग समारोह एवं भंडारे का आयोजन 10 को

**मल्लावां, हरदोई।** दिव्य कृपाल पीजी कॉलेज गोसवां मल्लावां में 10 मार्च को भव्य सत्संग समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। सत्संग में पूज्य ब्रह्मलीन संत स्वामी दिव्यानंद महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी परम पूज्य देवेंद्र मोहन भैया की मौजूदगी में आयोजन किया जाएगा।

### कांग्रेसियों का ज्ञापन आज

**हरदोई, अमृत विचार।** कांग्रेसियों का तहसील सदर में बुधवार को ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने दी है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया हुनर

**हरदोई, अमृत विचार।** दि कैंब्रिज स्कूल का वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। धरोहर विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों सी छटा बिखेरी। उच्च राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में रहीं। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावकगण और छात्र-छात्राओं ने शिरकत की। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया। गणेश वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें लोकगीत, नाटक, समूह गान, नृत्य, योगा आदि कार्यक्रम सम्मिलित थे। नन्हें बच्चों ने मंत्रमुग्ध करने वाले अभिनय और गीत प्रस्तुत किये। विद्यालय के उपाध्यक्ष आदि तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों की सराहना की।

# भाजपा के साथ है प्रधानमंत्री मोदी का काम और प्रभु श्रीराम

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय पर विधायक श्याम प्रकाश के प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम और नेतृत्व के साथ ही प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद भी साथ है। इस समय माहौल भाजपा के अनुकूल है। ऐसे में इस बार भी हर भाजपाई को लोकसभा सीट जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है, लेकिन अति आत्मविश्वास से दूर भी रहना है। श्री मिश्रा ने कहा कि बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद व संबंध को और अधिक मज़बूत करना है। राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा याद रखती है और वक्त आने पर



प्रेस वार्ता करते भाजपा विधायक प्रतिनिधि। अमृत विचार

माकूल जवाब भी देती है। भाजपा प्रत्याशी का मतलब पार्टी का सिम्बल, यही मानकर चलना है।

इस बीच विधायक प्रतिनिधि के अलावा नगर प्रतिनिधि विपिन मिश्रा,भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, नीरज सिंह, रामदास कटियार, प्रदीप अवस्थी, अभिषेक वैश्य, रिशु, अवधेश रस्तोगी, मुजाविर हुसैन ज़ैदी, विमलेश तिवारी, बृजेश गुप्ता, रितेश सिंह, शब्बू मिश्रा व पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह ने भाजपा के विकसित भारत-मोदी की गारंटी का संचालन किया। विकसित भारत-मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को इकट्ठा किया गया जो लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेंगे। इसके अलावा जारी किए गए मोबाइल नंबर 9090902024 पर मिस्ड काल के जरिये भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

### तहसील और रोड़वेज बस अड्डे की उठी मांग

इस दौरान विमलेश तिवारी व रामदास कटियार के अलावा पार्टी के कई और कार्यकर्ताओं ने पिहानी को तहसील व नगर में रोड़वेज बस स्टैंड बनाने की मांग संकल्प पत्र के जरिए की है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिहानी में तहसील होने से इधर-उधर के चक्कर नहीं पड़ेगें और रोड़वेज बस अड्डा होने से परदेश जाने वाले कामगारों को काफी सहूलियत होगी।

### हर संकल्प पूरा करती है भाजपा : हुसैन ज़ैदी

भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मुजाबिर हुसैन ज़ैदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प पत्र तैयार हो रहा हैं। इसके लिए जनता के बीच जाकर उनके सुझाव लिए जाएगें। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने संकल्प को पूरा करने के लिए जानी जाती है। उसका एजेंडा खुला हुआ है। धारा 370 हो या श्रीराम मंदिर का निर्माण, सारी बातें पार्टी संकल्प पत्रों का हिस्सा रही। सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

### चुनाव में होगा सपा, बसपा व कांग्रेस का स्थायी इलाज

**पिहानी।** नगर प्रतिनिधि विपिन मिश्रा ने कहा कि भाजपा सदैव जनता और उसके सुझावों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करती है। डबल इंजन की सरकार सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के कार्य कर रही है। विपक्ष के हौसले पस्त हो चुके हैं। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अर्जुन की तरह योद्धा के रूप में कार्य कर रहा है और विजय के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। 2024 का लोकसभा चुनाव सपा, बसपा व कांग्रेस जैसे दलों का स्थायी इलाज करने वाला चुनाव है।

**इकट्ठा किए जाएंगे सुझाव**

भाजपा अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि बूथ जितना सशक्त और सामर्थ्यवान होगा,परिणाम उतना ही अच्छा होगा। जनता का शासन जनता के सुझावों से ही शुरू होता है। आगे कहा कि भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के बीच जाती है। इसी उद्देश्य से जनता से सुझाव लेने का अभियान शुरू होगा।

# इस बार जीते तो बचे विकास कार्य भी कराएंगे : अशोक

## मिश्रिख से दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए सांसद अशोक रावत ने प्रेस वार्ता कर गिनाईं उपलब्धियां, किए वादे

सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। ऐसा मानना मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत का है।

ये बात सांसद अशोक रावत ने भाजपा के दूसरे बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय पर स्थित चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने सरकार की व अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को



विकास कार्यों को गिनाते मिश्रिख सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

गिनाया। सांसद पांच वर्ष में पहली बार पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रहे थे। उन्होंने कहा कि वह अपने पिछले कार्यकाल में अपने क्षेत्र के सभी विधान सभा के विधायकों से समन्वय बनाकर विकास कार्यों को पूरा करने का कार्य किया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें फिर प्रत्याशी बनाया है। इस बार चुनाव जीतने पर क्षेत्र में बचे काम पूरे करेंगे। बताया कि बाईपास पर सण्डीला में ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है और नगर के बरौनी रेलवे क्रासिंग पर एक अण्डर पास का काम भी शीघ्र ही प्रारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि भाजपा इस बार अपना घोषणा पत्र मतदाताओं की राय से बनाएगी। मतदाता सरकार से क्या अपेक्षा करते है उसे घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा कि भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का कार्य करती है इसीलिए गांव गांव से मोदी जी के समर्थन की आवाज आ रही है। लोग खुद भाजपा की कार्यशैली से संतुष्ट होकर वोट करेंगे।

क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने कहा भाजपा का वादा है 'हर युवा को रोजगार, हर घर को राशन और हर महिला की सुरक्षा देश को और विकसित करने के लिए लोगों के सुझाव लिए जायेंगे। ताकि लोगों के मन की बात को समझकर उसे घोषणा पत्र में समाहित कर पूरा किया जा सके। भाजपा सरकार ने सभी धर्मों एवं सभी वर्गो का सम्मान किया है। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने कहा सांसद का क्षेत्र काफी बड़ा होता है, इसलिए सांसद क्षेत्र में कम समय दे पाते हैं। मेरे द्वारा क्षेत्र में पर्याप्त समय दिया गया और विकास कार्य भी किए गए हैं। सांसद ने भी विकास कार्य में पूर्ण सहयोग किया है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता अतुल तिवारी, संतोष अस्थाना, अंगूरी शंकर सिन्हा, नगर अध्यक्ष नीतीश रमन जायसवाल, भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल आदि नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अध्यात्म से मिलती शांति : सियारामदास

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के पटेल नगर पूर्वी स्थित एक प्रतिष्ठान पर मंगलवार को चित्रकूट धाम के सन्त सियारामदास ने होली पर्व की शुरुआत पर होने वाले आध्यत्मिक कार्यक्रमों का भक्तों को न्योता दिया। उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति से मानव जीवन को दुखों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अध्यात्म से शांति मिलती है। चित्रकूट धाम रामदरबार से अन्य स्थानों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ मानव कल्याण के लिए प्रेरित करने का अभियान शुरू कर दिया है। बताया कि हरदोई के उपरान्त वह कानपुर महानगर में प्रवास कर धर्म की चर्चा करेंगे।

# टीबी मरीजों के परिजनों की भी होगी जांच, खिलाई जाएगी दवा

हरदोई

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग टीबी को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। जिसके चलते अब जिले में टीबी मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग टीबी से ग्रसित मरीज के परिजनों को भी टीबी की दवाई देगा।

स्वास्थ्य विभाग ने टीबी रोगियों के परिजनों की स्क्रीनिंग करने के लिए योजना बना ली है। अभी तक केवल पांच साल के बच्चों को ही विभाग की ओर से प्रिवेंटिव थेरेपी दी जाती है, लेकिन अब टीबी से ग्रसित मरीज के घर के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग होगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर प्रिवेंटिव थेरेपी एहतियात के तौर पर दवा भी दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले में इस समय सिर्फ जनवरी और फरवरी में 1324 मरीजों का इलाज शुरू हुआ है। साथ ही मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने बताया कि टीबी रोगी लगातार परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहता है। जिसके चलते परिवार के सदस्यों में भी टीबी होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते टीबी मरीज को प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दवा दी जाएगी। वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नौमानउल्लाह ने बताया कि पल्मोनरी टीबी रोगियों के संपर्क में आए लोगों को टीपीटी दी जाएगी। इसके तहत क्षय रोगी के परिवार के लोगों को छह महीने तक क्षय रोग की प्रतिरोधी दवाएं मौजूद परिवार के सदस्यों के आयु के हिसाब से दी जाएंगी। डीपीसी महेंद्र यादव ने बताया कि इससे पहले पांच वर्ष से कम आयु तक के सक्रिय टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले मरीजों को यह थेरेपी दी जाती थी लेकिन अब टीबी मरीज के प्रत्येक संपर्क वाले व्यक्ति को स्क्रीनिंग उपरांत टीपीटी दी जाएगी।

## पुलिस ने युवक के शव का कराया पोस्टमार्टम

**हरदोई, अमृत विचार।** मेहनत-मज़दूरी करने वाले युवक की हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को का पोस्टमार्टम कराया है। साण्डी थाने के भैरमपुर निवासी अशोक (35) मज़दूरी करता था। भाई रमेश ने बताया कि अशोक बीमार रहता था,उसकी शादी नहीं हुई थी। सोमवार को उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे सीएचसी ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वहां डाक्टरों ने युवक की मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना भेज दी। वहां पहुंची पुलिस ने इसकी सच्चाई का पता लगाने के लिए शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के भाई ने पुलिस को लिखित सूचना दी है।

थाना पाली के खाराकुआं निवासी विनोद कुमार पुत्र ताराकृष्ण ने बताया उसने अपनी बहन सरिता देवी का विवाह 22 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज से शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी विपिन दीक्षित पुत्र सत्यप्रकाश के साथ किया था। विवाह में हैसियत मुताबिक दहेज भी दिया गया था। शादी के दो माह बाद से ही बहन का पति, सास पप्पी देवी,जेठ संजय,जेठानी नीलम, चचिया ससुर प्रमोद और ननद मोनी उसे दो लाख रुपए और चार पहिया वाहन के लिए प्रताड़ित करने लगे। तीन माह से वह मायके में रह रही थी। 26 फरवरी को पति के बुलाने पर ससुराल बिलहरी गई, दूसरे दिन से उन लोगों ने फिर प्रताड़ित कर मारपीट करना शुरू कर दिया। पांच मार्च को फिर मारा पीटा। विवाहिता ने पीआरबी को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, किंतु उन लोगों ने कोई बात नहीं मानी और उसकी बहन को घर से निकाल दिया। कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

## सार-संक्षेप



दुकान पर जांच करती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

### खाद्य विभाग ने दुकानों पर जाकर भरे नमूने

**हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य विभाग की टीम ने कई दुकानों का निरीक्षण कर नमूने संग्रहित किए। खाद्य आयुक्त ने फलों को पकाने में हानिकारक रसायनों का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के निर्देशन में आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर तीन नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही केला पकाने की दो निर्माण इकाइयों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों की दृष्टिगत चेतावनी जारी की गई तथा कैल्शियम कार्बाइड एवं अन्य प्रतिबंधित हानिकारक रसायनों के कृत्रिम फल पकाने से रोकने के निर्देश दिए गए। इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी खुशीराम, अजीत सिंह व अनुराधा कुशवाहा मौजूद रहीं।

### जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की मांग

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला काजी सराय उत्तरी सभासद रहनुमा बेगम ने मंगलवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को दिए ज्ञापन में जर्जर लाइन को बदलवाने की मांग की है। ज्ञापन में सभासद ने बताया कि कुछ दिनों बाद रमजान व होली पर्व शुरू होने वाली हैं। नगर पंचायत की तरफ से जो लाइन पड़ी थी, वह तार जर्जर हो चुकी है, उन्हें अति शीघ्र बदलकर नगर को पुन: सप्लाई दी जाए, जिससे शाम को नगर में रोशनी हो सके। नगर के लोगों को शाम के वक्त में आने-जाने में दिक्कत न हो। साथ ही उन्होंने जलापूर्ति के बारे में कहा कि नगर में पानी की सप्लाई सुबह चार बजे से सात तक सप्लाई दी जाए। शाम को तीन बजे से पांच तक सप्लाई दिए जाने की उन्होंने मांग की। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष को जब जानकारी मिली तो उन्होंने कहा जनता के हित के लिए वह हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने सभासद से कहा कि जर्जर हो चुके तारों को अति शीघ्र बदला जाएगा, जिससे नगर में पुन: रोशनी दी जा सके।

### मायके से पत्नी के न आने पर युवक ने दी जान



**हरदोई, अमृत विचार।** मायके में रह रही पत्नी के विदा न होने पर वहां से वापस लौटे पति ने सोमवार की देर रात को कोतवाली देहात के सेवा गांव के पास अप लाइन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला सोमवार की देर रात का इसका पता होते ही युवक के घर में कोहराम मच गया। कोतवाली देहात के धस्सेपुरवा मजरा कौढ़ा निवासी 30 वर्षीय उपदेश की शादी करीब तीन साल पहले मझिला थाने के बढ़ैयनपुरवा के गंगासागर की बेटी के साथ हुई थी। मेहनत-मज़दूरी करने वाले उपदेश की पत्नी करीब 20 दिनों से बेटे के साथ मायके में थी। उपदेश उसे विदा कराने गया, लेकिन पत्नी ने विदा होने से मना कर दिया। सोमवार को उपदेश ससुराल से वापस लौटा। कुछ देर घर में रुकने के बाद बाहर चला गया। उसके बाद देर रात में लगभग 11 बजे उसके घर वालों को पुलिस ने हादसे की सूचना दी। उपदेश ने सेवा गांव के पास ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली।

### विवाहिता से दुष्कर्म के मामले में दो पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर घर में घुसकर दुष्कर्म, मारपीट और नकदी व जेवरात लूटने का आरोप लगाया। महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू की तो लूटपाट का आरोप निराधार पाया। दुष्कर्म की घटना सही पाए जाने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीया पीड़िता ने बताया कि वह सोमवार की शाम घर पर अकेली थी। तभी मोहल्ले के ही राजवीर तथा रोहित घर में घुस आए और उसके साथ दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर दोनों ने उसकी पिटाई की। बक्से में रखे 10,000 रुपए की नगदी और जेवरात लूट कर ले गए। उसका पति घटना के वक्त काम पर से लौटा नहीं था। पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो लूट की घटना झूठ पाई गई। मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म का मामला सही पाए जाने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



### एसडीएम ने बाइक रैली को किया रवाना

**हरदोई, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के तहत मंगलवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील सवायजपुर में बाइक रैली निकाली गयी, जिसे उपजिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि जन जागरूकता के लिए 7 मार्च को रैली का आयोजन किया जाएगा।

### लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा कराएं : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये। पोषाहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाये। सभी केन्द्रों पर हॉट कुक्ड फूड वितरण कराया जाये। हॉट कुक्ड फूड के वितरण का नियमित निरीक्षण किया जाये। सैम व मैम बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। सबसे पुराने सैम व मैम बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाये। ई-कवच पोर्टल पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर फीडिंग की प्रगति बधाई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




जिला पोषण समिति की बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी।

**सराहनीय** मिशन आत्मसंतुष्टि ने लाचार पिता से मिलकर दिया भरोसा, खुद करेंगे कन्यादान

# दृष्टि बाधित पिता की बेटी की शादी की ली जिम्मेदारी

पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** मिशन आत्मसंतुष्टि ने सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनेपुर गोसाईं निवासी अवनेश सिंह की बेटी की शादी की ज़िम्मेदारी उठाई।

मिशन आत्मसंतुष्टि परिवार गरीब व समस्या से जूझ रहे परिवार की बेटियों की शादी की जिम्मेदारी उठा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र निवासी अवनेश सिंह की बेटी की शादी का जिम्मा मिशन द्वारा लिया गया है। मिशन आत्मसंतुष्टि ने दृष्टि बाधित हैं और उनके पास केवल दो बीघा खेती है। बेटी की शादी में आ रही आर्थिक समस्या की जानकारी होने पर मंगलवार को मिशन के मुखिया राजवर्धन



सिंह राजू ने घर पहुंचकर भरोसा दिया कि वह बेटी की शादी का खर्च उठाएंगे। साथ ही वह स्वयं मौजूद होकर कन्यादान करेंगे। पहले भी कई बार इसी तरह के तमाम परिवारों का आखिरी सहारा बनकर समाजसेवी राजवर्धन सिंह राजू ने इस तरह की जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने इसी काम के लिए सिर्फ उनको भेजा है और हमको सच्ची आत्म संतुष्टि मिलती हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज में इस तरह का कोई अन्य परिवार हो चाहे वह किसी भी समाज का हो किसी भी जाति का हो हमारा मिशन उनकी इसी तरह से मदद करेगा। तमाम बीमार लोगों का इलाज लावारिश शव का अंतिम संस्कार, तमाम शादियां, तमाम मानसिक बीमार लोगों को सड़क से उठाकर अच्छा जीवन देने का काम मिशन आत्मसंतुष्टि परिवार पिछले कई वर्षों से अनवरत करा रही है।

### इनर व्हील क्लब ने बेटी की शादी में की मदद

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ने एक गरीब लड़की की शादी के लिए मदद के हाथ बढ़ाएं। आर्थिक तंगी से गुजर रही काजल शुक्ला की शादी के लिए साड़ी, लहंगा, बेड शीट, दो शाल, कंबल, एक टावल सेट, मेकअप का सामान छह गिफ्ट सेट तथा 7500 रुपये क्लब सदस्यों द्वारा व क्लब सदस्य अदिति गौर ने 5100 रुपये, शक्ति वाहिनी क्लब ने 1000 रुपये उक्त परिवार को दिए गए। इस अवसर पर प्रेसिडेंट रागिनी तिवारी, चार्टर प्रेसिडेंट व जेड पीसी चित्रा बाजपेई, जेड पीसी




बेटी के परिवार के साथ इनर व्हील क्लब की सदस्य। अमृत विचार

व आईपीपी राखी द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पारुल तिवारी, आईएसओ सोनिया मिश्रा, क्लब सदस्य पूजा जैन, निरमा देवी, अदिति गौर, रेनू शुक्ला, सीमा गौर, नीलम व चेतना शक्तिवाहिनी की सचिव वंदना रही। इन्दु शुक्ला, डॉ शिवानी, डॉ चित्रा मिश्रा, कंचन जिंदल ,हरप्रीत कौर, रुपाली खन्ना, सुप्रिया सेठ, अंजू पांडे आदि मौजूद रहीं।

## वॉलीबॉल में जगतपुरवा व कबड्डी में भीठा की टीम ने दर्ज की जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में ब्लाक सुरसा में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में चार प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीवाल का फाइनल मुकाबला सुरसा और जगतपुरवा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें जगतपुरवा विजेता तथा सुरसा टीम उपविजेता रही। कबड्डी में भीठा विजेता और सुरसा की टीम उपविजेता रही। विजेताओं को मुख्य अतिथि सुरसा के प्रधान सन्दीप मिश्रा ने युवाओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। रस्साकशी में सुरसा विजेता और भीठा की टीम उपविजेता रही। खो-खो में सरैंया की टीम विजेता रही। निर्णायक के तौर पर खेल शिक्षक दीपक राणा मौजूद रहे।

अकामान् कामयति य: कामयानान् परित्यजेत् ।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी



के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रॉप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंगलैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।



निधि नित्या
जबलपुर

पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

## एक नजर

### दो घरों से ढाई लाख का सामान चोरी

**सकरन।** बरियारी गांव निवासी नीरज कुमार सोमवार की रात परिवार समेत एक शादी समारोह में थाना क्षेत्र के बेलवा गया हुआ था उसकी गैर मौजूदगी में कमरे का ताला तोडकर भीतर घुसे चोर बक्से में रखी 17 हजार की नकदी दो चांदी की पायल, दो सोने के बाला, दो सोने की झुमकी, एक सोने का मटरमाला व एक सोने की अंगूठी तथा कपडा बर्तन व अनाज चोरी कर ले गये शादी से वापस आने पर गृहस्वामी को घटना की जानकारी हुयी। इसके अलावा इसी रात शुक्लनपुरवा मजरा प्यारापुर गांव निवासी जगमोहन शुक्ल के घर में घुसे चोर कपड़ा, बर्तन व अन्य सामान चोरी कर ले गये देर रात फार्मपुरवा गांव निवासी भग्गा के घर में चोर घुसे थे आहट पाकर गृहस्वामी ने शोर मचा दिया। जिससे चोर भाग गये। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### विधानसभा संचालन समिति ने चुनाव तैयारी पर चर्चा की

**सीतापुर।** बीजेपी जिला कार्यालय पर मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ने की। बैठक में मुख्य रूप में लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में किए जा रहे कार्यों के विषय में लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ने विधानसभा संचालन समिति के पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही विधानसभा कार्यकर्ताओं से पार्टी के निर्देशों के अनुसार आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर जिला मंत्री जया सिंह, इंदू सिंह, अजय विश्वकर्मा तथा विधानसभा संचालन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक शैलेश महेंद्र ने किया।

### आरक्षित भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**सिधौली।** बिरसिंहपुर के ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने एक प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके गांव में खाद गडढे की आरक्षित जमीन पर गांव के दबंग विपक्षीगण ने कब्जा कर रखा है। खाद गडढे की भूमि पर राकेश पुत्र रामपाल, हरिओम पुत्र संतशरण निवासी पता उपरोक्त आदि अवैध तरीके से स्थायी पक्का निर्माण किये हुए हैं। चकमार्ग पर हरिओम पुत्र संतशरण ने अवैध तरीके से मुख्य मार्ग पर कब्जा कर रखा है। जिससे उक्त संपर्क मार्ग संकरा हो गया है। इस मार्ग पर नागरिकों व आसपास के काश्तकारों को निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जब चकमार्ग से अवैध कब्जे हटाने की बात कही जाती है तो विपक्षी मार-पीट पर आमादा हो जाता है। विपक्षी व उसकी शह पर एक अन्य व्यक्ति ने खाद गडढे की जमीन पर पक्की चरही बना रखी है।

### शिक्षकों की मांगों पर विचार करे सरकार: महेंद्र

**रेउसा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र रेउसा में बेसिक शिक्षकों ने उपस्थित होकर सरकार द्वारा लगातार की जा रही उपेक्षा पर आक्रोश व्यक्त किया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक् रेउसा इकाई के अध्यक्ष महेंद्र पांडे की अगुवाई में सैकड़ों शिक्षक लामबंद होकर बीआरसी पहुंचे। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र पांडे ने कहा कि सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। शिक्षकों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज करके ऑनलाइन हाजिरी के लिए दबाव बना रही है और अधिकारी वेतन रोकने निलंबन करने तक की कार्यवाही कर रहे हैं। संगठन के मंत्री सच्चिदानंद अवस्थी ने कहा कि अन्य विभागों में कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश, मध्यावकाश तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर सीज

▶▶ भीड़ को एकत्रित कर संचालकों ने अस्पताल में नहीं लगने दिया सरकारी ताला

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार के नेतृत्व में इंडियन हॉस्पिटल, न्यू इंडियन हॉस्पिटल व एवन पैथालॉजी को सीज करने की कार्यवाही की। जब सीएचसी अधीक्षक जीवक नर्सिंग होम और लखनऊ हॉस्पिटल को सीज करने पहुंचे तो वहां के संचालकों ने काफी भीड़ एकत्रित करके सरकारी कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की।

एक बहुत पुरानी कहावत है कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, दरअसल ये कहावत महमूदाबाद के दो निजी अस्पताल के संचालकों पर चरितार्थ हो रही है। मालूम हो कि महमूदाबाद नगर में बीते सोमवार को एसडीएम और स्वास्थ्य विभाग की सयुंक्त टीम ने अभियान चला कर बगैर चिकित्सकों व रजिस्ट्रेशन के संचालित निजी अस्पतालों पर छापेमार कार्रवाई की थी।

मानकों की अनदेखी कर व बिना चिकित्सक के संचालित अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सीज करने की प्रक्रिया शुरू कर जवाब तलब किया था। एक ओर जहां महमूदाबाद कस्बे में निजी अस्पताल और डाइग्नोस्टिक सेंटर के संचालकों द्वारा खुलेआम चिकित्सा अधिनियमों की अनदेखी की जा रही है, तो वहीं अस्पताल संचालक एक तो चोरी भी कर रहे है और ऊपर से सीनाजोरी की कहावत को चरितार्थ करते भी नजर आ रहे है।

**अवैध रूप से कार्य कर रहे अस्पताल संचालक बख्शे नहीं जाएंगे : अधीक्षक**

सीएचसी अधीक्षक आशीष वर्मा ने कहा कि दो अस्पतालों को सीज करने के दौरान संचालकों ने भीड़ एकत्रित कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई है, उसको लेकर शीघ्र ही बड़ी कार्यवाही की जा सकती है, अवैध तरीके से कार्य करने वाले किसी भी हॉस्पिटल संचालक को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई करते स्वास्थ्य कर्मचारी। अमृत विचार

### गेहूं के खेत में मिली दुधमुंही बच्ची उपचार के दौरान मौत

**लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में गांव के पश्चिम साइड हर तौव्वा तालाब के निकट गेंहू के खेत में अज्ञात लोगों ने एक दुधमुंही बच्ची को फेंक दिया गया। गांव की एक महिला गन्ना काटने जा रही थी तभी रोने की आवाज सुनी और गेहूं के खेत जाकर देखा तो एक बच्ची पड़ी हुई थी। जिसके बाद सूचना ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू को दी। ऐसे में प्रधान विवेक शुक्ला मौके पर पहुँचे और पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि एक बच्ची मिली है। अस्पताल में लाया गया था। चाइल्ड विभाग को सूचना दी गई है।

# मंडलायुक्त के सामने खोली गई अफसरों की पोल

## फरियादी से अभद्रतापूर्वक बात करने पर समाज कल्याण बाबू को कलेक्ट्रेट में सबद्ध करने के निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मण्डलायुक्तरोशन जैकब ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय जनता दर्शन में जनसुनवाई की। मंडलायुक्त के जनता दर्शन में सैकड़ों की संख्या में शिकायतकर्ताओं ने मौजूद रहकर जिले के पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की पोल मंडलायुक्त के सामने खोलकर रख दी।

जनसुनवाई के दौरान मंडलायुक्त का एक महिला फरियादी की शिकायत कर समाज कल्याण के कर्मचारी द्वारा फरियादी से अभद्रता पूर्वक बात करने और काम न करने पर नाराजगी व्यक्त की। मंडलायुक्त ने डीएम को निर्देश देते होते समाज कल्याण में कर्मचारी सुरेश गौतम को कलेक्ट्रेट में सबद्ध करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त की जनसुनवाई के दौरान अफसरों के ठण्ड के बीच पसीने छूट गए। फरियादियों से शिकायती पत्र बाहर ही लेकर निस्तारण की शिकायत पर मंडलायुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी पर भी नाराजगी व्यक्त की।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त उपस्थित सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना। इस दौरान कुल 152 शिकायतें आई। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बताया कि सीएम योगी की प्राथमिकता है कि जनशिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए। मंडलायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि वह कोर्ट के साथ-साथ जनता दर्शन अवश्य करें। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई करतीं मंडलायुक्त रोशन जैकब।


फरियादियों की शिकायतों को दर्ज करते अधिकारी-कर्मचारी।

### समाज कल्याण विभाग पर नाराज हुयी मंडलायुक्त

जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि वह अपनी पेंशन के लिए समाज कल्याण विभाग के कई बार चक्कर काट चुकी है, लेकिन उसका काम अभी तक नहीं हुआ है। तैनात कर्मचारी सुरेश गौतम द्वारा अभद्रता करना और टरकाने का काम किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार से जवाब मांगते हुए कार्यालय कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। इसके साथ ही कर्मचारी सुरेश गौतम को लापरवाही बरतने पर लाभार्थियों के साथ सही ढंग से बात न करने पर डीएम को कलेक्ट्रेट में सम्बद्ध करने के निर्देश दिये।

### जिला पूर्ति अधिकारी पर जताई नाराजगी

मंडलीय जनता सुनवाई के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा सभागार के बाहर शिकायतकर्ताओं का आवेदन लिए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कड़े निर्देश दिये कि शिकायतकर्ताओं को हम तक आने दिया जाये। कोई भी अधिकारीध्कर्मचारी बाहर से शिकायतकर्ताओं का आवेदन पत्र नहीं लेगा।

### मंडी चौकी पुलिस की हुई शिकायत

**सीतापुर।** जनता दर्शन के दौरान एक शिकायतकर्ता की सुनाई के बाद मंडलायुक्त ने बताया कि एक शिकायत प्राप्त हुयी जिसमे कि हरदोई चुंगी पर शाम के समय अराजक लोगों द्वारा शराब पी जाती है। पेट्रोल पम्प के पास शराबी लोग बहु बेटियों को छेड़ते है। आरोप है कि चैकी इंचार्ज की सेटिंग गैटिंग व दलाली से शराब पी जाती है। इस शिकायत पर मंडलायुक्त ने सीओ सिटी को निर्देश दिए कि शाम को ही मौके का निरीक्षण करें। यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।

## सार-संक्षेप

### किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, दो गिरफ्तार


वारदात के बाद गांव में छानबीन करते सीओ मिश्रिख व मौजूद पुलिस बल।

**सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम दलेहरा निवासी एक युवक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 4 फरवरी की रात करीब 8 बजे उसकी 17 वर्षीय बहन खेतों में शौच के लिए गई थी। आरोप है कि इस दौरान रास्ते में मौजूद गांव के ही विशाल पुत्र सुशील और धीरज पुत्र राजू उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता के विरोध और शोरगुल करने पर आरोपी पीड़िता को जबरन खेतों की तरफ खींच ले गये और मुंह दबाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची किशोरी ने परिवार वालों ने आपबीती बताई। पीड़िता ने भाई ने मामले की सूचना देकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा। किशोरी के साथ हुई सनसनीखेज वारदात की सूचना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीण रंजन सहित अन्य आला असफरों के साथ मौका मुआयना कर मामले की जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक नैमिषारण्य पंकज तिवारी ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर केस दर्ज कर नामजद दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

### जनता के बीच रखेंगे सुझाव पेटी, फिर बनेगा संकल्प पत्र

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सांसद कौशल किशोर ने विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर को लॉन्च किया है। इस अभियान के जरिए पार्टी हर आम व्यक्ति का सुझाव लेना चाहती है। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की हर एक विधानसभा में सुझाव पेटी रखी जाएगी व प्रत्येक विधानसभा में दो एलईडी प्रचार वाहन क्षेत्र का भ्रमण करेंगे, प्रत्येक प्रचार वाहन पर सुझाव पेटियां रखी होगी। जिसमें आम जनता अपने सुझाव दे सकेंगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत कैसा हो इसके लिए देश की जनता की राय जनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शविकसित भारत मोदी की गारंटी अभियानश् शुरू किया है। इस दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को लेकर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी अपने संकल्प पत्र में शामिल करेंगी। सांसद कौशल किशोर ने कहा कि 9090902024पर मिस्ड कॉल करके या नमो एप डाउनलोड करके भी जनता अपना सुझाव दे सकेंगी।


कौशल किशोर। अमृत विचार

### युवाओं को तकनीक से जोड़ना शासन का उद्देश्य है: राजेश



छात्रा को स्मार्टफोन देते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** राज्य सरकार ने युवाओं को तकनीकी सशक्तिकरण के लिए क्षेत्र के गया सिंह सुमित्रा सिंह चौहान महाविद्यालय में कल्यानपुर में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने 113 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राओं से बताया कि वर्तमान समय तकनीक का है। आधुनिकीकरण समय की मांग है। युवाओं को तकनीक से जोड़ना शासन का उद्देश्य है। इससे रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। छात्र-छात्राओं के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक इन्दपाल सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जिला मंत्री उदित बाजपेयी, विपुल सिंह विश्व हिन्दू परिषद, मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, अवनीश सिंह तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 80 लोगों की आंख का होगा ऑपरेशन, 130 को दिया चश्मा


लोगों की आंखों की जांच करतीं चिकित्सक। अमृत विचार


**भदफर।** तहसील लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर में 5 मार्च 2024 को लक्ष्मी नारायण हृदयनाथ सेवा संस्थान शाहपुर द्वारा कैंप का आयोजन दंड पालेश्वर प्राचीन शिव मंदिर के बगल में टीन शेड के अंदर संपन्न हुआ जिसमें करीब 210 मरीजों का पंजीकरण हुआ जिसमें जांच के दौरान 80 मरीजों को ऑपरेशन हेतु बस द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर भेजा गया करीब 130 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक दवाएं व चश्मा डॉक्टरों द्वारा दिया गया सीतापुर आंख अस्पताल के डॉक्टर कोमल यादव, आलोक वर्मा, बृजेंद्र सिंह, रोहित ठाकुर, नसीम, गाजी गोविंद विश्वकर्मा, आकांक्षा, कोमल समस्त टीम द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बच्चे की मौत


घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**झरेखापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के गांव परसेहरानाथ निवासी बसंत अपनी दो बेटियों व पत्नी के साथ मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार मे शामिल होने चकला गांव जा रहे थे। तभी झरेकापुर के पास विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवारों को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक पर बैठी बच्ची दीपाली (3) की मौके पर ही मौत हो गयी तथा बसंत, पत्नी सुमन व दूसरी बच्ची जान्हवी गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक गुड़बेल पर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी हरगांव भेज दिया। जहां से डाक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है, घायलों का इलाज जारी है।

# गन्ने से भरी ट्रॉली पलटी, 3 घायल


हादसे के बाद पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

**संवाददाता, महमूदाबाद**

**अमृत विचार।** मंगलवार शाम करीब पांच बजे महमूदाबाद कस्बे के बिसवां मार्ग स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामने बिसवां की ओर से आ राही गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसकी जद में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए। जिसमें से एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

बता दें कि लालपुर गांव निवासी ओमकार वर्मा (50) अपनी बेटी मानसी (15) व बेटी की मौसी सुनीता देवी के साथ सीएचसी ही आए थे। बेटी मानसी का एक पैर टूट गया था उसी को लेकर बेटी के पैर में प्लास्टर चढ़वाकर अपने घर वापस जा हो रहे थे की महमूदाबाद से कुछ दूरी पर बिसवां मार्ग स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामने अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की जद में आ गए और ट्राली के पलटने से तीनों घायल हो गए। बेटी मानसी के एक पैर पर प्लास्टर चढ़ा ही था की फिर दूसरे पैर में भी गंभीर चोट लग गई। हादसा होने के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने मार्ग पर पलटी गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली को हटवाते हुए बाधित यातायात को शुरू कराया।

**सुविधा** | सांसद राजेश वर्मा ने किया रामपुर मथुरा में उप डाकघर का लोकार्पण

# सुकन्या योजना के जरिये बेटियों को लाभ दे रही सरकार

**संवाददाता, रामपुर मथुरा**

**अमृत विचार।** रामपुर मथुरा में 56 लाख रुपये की लागत से उप डाकघर का निर्माण कराया गया जिसका लोकार्पण सांसद राजेश वर्मा ने किया। भवन लोकार्पण के दौरान मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि भारत सरकार डाक विभाग पर विशेष बल दे रही है। किसानों का फसल बीमा, सुकन्या योजना, इंडिया पोस्ट पेमेंट तथा अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है।

सरकार गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए सरकार अधिकांश लाभ महिलाओं के नाम दे रही है, बेटियों की शादी तथा पढ़ाई के लिए सरकार सुकन्या योजना के अंतर्गत लाभ दे रही। विधायक ज्ञान तिवारी ने भी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि अभी तक कुल 18,000 खाता खोले गए हैं। आधार कार्ड बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। फसल बीमा सुकन्या योजना, बीमा पॉलिसी, महिला सम्मान बचत योजना, फिक्स डिपाजिट तथा अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया। डाकघर में खोले गए सुकन्या योजना के खाते तथा महिला सम्मान बचत योजना के खातों की पासबुक सांसद के द्वारा लाभार्थियों को वितरित किया गया।

इस अवसर पर बा सेल्वकुमार यूपी परिमंडल, अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ प्रजापति, केंद्रीय निरीक्षक अमित कुमार, दक्षिणी निरीक्षक अंबुज कुमार, उप डाकपाल शिशिर कुमार, शाखा डाकपाल धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार शुक्ला, अशोक मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गिरिजेश गुप्ता, चंद्र भूषण शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, राजितराम मिश्रा, जिला कार्य समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण मार्ग मुकुंद तिवारी छोटे लाल मिश्रा आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।




बच्ची को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक देते सासंद राजेश वर्मा व विधायक ज्ञान तिवारी। अमृत विचार

# मोदी फिर करेंगे देश का नेतृत्व: राकेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को बीजेपी द्वारा खैराबाद कस्बे में नमो युवा चैपाल का आयोजन किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर, विशिष्ठ अतिथि खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता रहे। चैपाल के माध्यम से नगर विकास राज्यमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार कराने का दृढ संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। जितनी तेजी से यह विकास हो रहा है, वह ट्रिपल इंजन की सरकार में ही संभव हो सका है। योगी और मोदी की दूरदर्शिता आने वाले कुछ समय में हमारे देश को 100 वर्ष आगे ले जाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि खैराबाद क्षेत्र में नगर पालिका में जो कार्य हो रहे हैं वो एक नजीर बनेंगे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि आज सरकारी योजनाओं में सबको समान अधिकार मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो मण्डल महामंत्री आकाश कटियार, कार्यालय प्रभारी योगेश मिश्रा, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, चमन जोशी, प्रमोद जायसवाल, अभिषेक, महेंद्र, सार्थक, मनीष, ललित, आदित्य अवस्थी आदि मौजूद रहे।



नगर विकास राज्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि व अनूप विश्वकर्मा।

# मंडलायुक्त-आईजी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** मंगलवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल व पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार ने अमेठी पहुंचकर लोक सभा चुनाव को तैयारियों कस जायजा लिया।

इस दौरान आईजी ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में पुलिस की समस्त शाखाओं, लोक शिकायत प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी, स्थानीय अभिसूचना इकाई, चुनाव सेल, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक शाखा, अपराध शाखा, मानीटरिंग सेल आदि शाखाओं एवं दस्तावेजों को चेक किया। निरीक्षण में खामियां पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और सुधार के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक के पहुंचते ही पुलिस कर्मियों ने एसपी कार्यालय में उनको सलामी दी। मान प्रणाम स्वीकार कर वे गौरीगंज पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। शाखा शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत रजिस्टर को चेक किया। कर्मियों को आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने व उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी के साथ कार्यालय में विभिन्न शाखाओं को चेक किया और जो भी खामियां देखने को मिली, उनका सुधार करने व दस्तावेजों का रख-रखाव को दुरुस्त रखने के निर्देशित किया। कार्यालय परिसर, आंकिक शाखा, रीडर कार्यालय, मॉनिटरिंग सेल व मानवाधिकार सेल आदि का निरीक्षण कर साफ- सफाई दुरुस्त रखने को निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त और आईजी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का भौतिक निरीक्षण कर सत्यापन किया। साथ ही पोलिंग पार्टियां रवाना होने के समय रुट डायवर्जन कर यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। साथ ही पौधरोपण भी किया। इस दौरान डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पोलिंग पार्टी स्थल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त, आईजी, डीएम व अन्य। अमृत विचार





तहसील परिसर में पौधरोपण करते मंडलायुक्त व मौजूद अन्य।

## चुनाव के मद्देनजर पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के दृष्टि से थाना अध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों व स्थानीय पुलिस के जवानों के साथ क्षेत्र की प्रमुख बाजारों व कस्बों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। मंगलवार दोपहर थानाध्यक्ष की अगुवाई में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों व पुलिस के जवानों के साथ रानीगंज वारिसगंज और थौरी सहित विभिन्न चौराहो पर फ्लैग मार्च किया गया।

## आशाओं का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र अधीक्षक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें होम बेस्ड न्यूबार्न केयर विषय पर प्रशिक्षण टीम द्वारा आशाओं को प्रशिक्षित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुसाफिरखाना विकास खंड के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होम बेस्ड न्यूबार्न केयर एचबीएनसी विषय पर आशाओं का प्रशिक्षण शुरू हुआ। अधीक्षक डॉ. आलोक मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण 1 से 5 मार्च तक चलाया गया। इसमें 30 आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन पर एचइओ अभय प्रताप सिंह ने आशाओं को प्रमाण पत्र भी दिए। कार्यक्रम में डॉ. शैलेश गुप्ता, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अभय प्रताप सिंह, बीसीपीएम राजीव पांडेय रत्नेश श्रीवास्तव, संदीप एनजीओ से आलोक कुमार तिवारी व शशिकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार :** 4 दिन पूर्व कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाले सुलतान शहीद स्मारक (वारिसगंज) थानाक्षेत्र के अंतर्गत निहालपुर निवासी शोऐब (22) जो बीते शुक्रवार को समय करीब साढ़े 12 बजे घर से किसी काम से बाइक से रानीगंज बाजार जा रहे थे। जब वह गांव के नजदीक पहुंचे तो सामने से आ रही अज्ञात अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया था। घायल की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। परिजनो ने बताया कि पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

## बाइक-कार की भिड़ंत में पिता और पुत्री घायल

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** हाईवे नागेश्वरगंज ओवर ब्रिज के पास बाइक व कार की भिडन्त में बाइक सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मानशाहपुर निवासी राकेश शुक्ला अपनी पुत्री प्रांजल को पेपर दिलाकर बाइक से घर जा रहे थे कि हाईवे नागेश्वरगंज ओवर ब्रिज के पास कार संख्या यूपी 44 बीडी 9490 ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार राकेश शुक्ला व उनकी पुत्री प्रांजल घायल हो गए जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ईंट के ढेर से टकराई बाइक, एक की मौत

## निमंत्रण से लौटते समय रेवड़ा गांव के पास देर रात हुई घटना, दो लोग घायल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** पीपरपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव के पास पीपरपुर-कल्याणपुर मार्ग पर सोमवार की देर रात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा टकराई। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो युवकों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घटना से मृतक के परिजनों में हाहाकार मचा है।

पीपरपुर थाना क्षेत्र के भेवईं गांव निवासी सुशील कोरी पुत्र नंदलाल (20), आकाश पुत्र रामकुमार (18) व शनिकुमार (18) सोमवार की देर रात धम्मौर थाना क्षेत्र के लौहर भाईं गांव से निमंत्रण कर एक ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में पीपरपुर-कल्याणपुर मार्ग पर रेवड़ा गांव के पास बाइक एक कार को आवेरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा भिड़ी। घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भादर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने सुशील कोरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल आकाश व शनि कुमार को इलाज के बाद डाक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी दे दी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव का परिजनों ने मंगलवार की सुबह अंतिम संस्कार किया। एसओ पीपरपुर संदीप राय ने बताया कि मृतक के परिजन कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

## कार-बोलेरो में जोरदार भिड़ंत, 6 लोग घायल

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** बारात से लौट रहे बोलेरो सवार लोगों की सोमवार रात टिकरी चौराहे पर अमेठी की ओर से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने रात में ही एंबुलेंस बुलाकर सी एच सी में इलाज के लिए भेजा। सोमवार रात जामो–भादर मार्ग से भादर की ओर से आ रही बोलरो यूपी 44 डब्ल्यू 1245 की अमेठी सुल्तानपुर मार्ग पर टिकरी चौराहे पर अमेठी की ओर से आ रही स्विफ्ट कार यूपी 32 एमएन 1944 से टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर चौराहे के आस पास रहने वाले जब बाहर आकर देखे तो दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे और उस पर सवार लोगों के चीखने की आवाजे आ रही थी। चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट के उजाले में लोगों ने किसी तरह घायलों को दोनो गाड़ियों से बाहर निकाल कर तत्काल एंबुलेंस से नजदीकी सीएचसी नौगिरवा भेजा। सीएचसी नौगिरवा में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज रिफर कर दिया गया। सीएचसी के चीफ फार्मासिस्ट, आरसी वर्मा ने बताया कि छह घायलों में ऊंचगांव बंधुआ के राजेंद्र कुमार, मिल एरिया रायबरेली के रिंकू तिवारी,कुड़वार के राज करन, कोतवाली देहात के सुरेश कुमार, गोसाईगंज के देवराज गुप्ता सुलतानपुर के रामचेत थे। बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बोलेरो सवार भादर मार्ग की ओर से बालीपुर से किसी बारात से लौट कर जामो की ओर जा रहे थे जबकि कार सवार अमेठी की ओर से सुलतानपुर जा रहे थे।



टक्कर में सड़क किनारे खड़ी छतिग्रस्त बोलेरो व कार। अमृत विचार

### गति अवरोधक का न होना बनी दुर्घटना की वजह

स्थानीय लोगों में रोहित सिंह, आलोक तिवारी के साथ दर्जनों लोगो ने बताया कि कोई ऐसा दिन नहीं बीतता है कि जब यहां दुर्घटना न हो, लेकिन अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इन लोगो ने कहा कि अनेकों बार लोक निर्माण विभाग से ब्रेकर और चौराहे को इंगित करने वाले बोर्ड को लगवाने की बात की गई। लेकिन किसी बड़े हादसे का इंतजार लोक निर्माण विभाग कर रहा है। सैकड़ों लोगों ने इस हादसे को देखकर गति अवरोधक बनवाए जाने की मांग उठाई है।

# रस्साकशी में दिखाई जोर आजमाईश

फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** मंगलवार को फुरसतगंज कस्बे के मेला मैदान में सांसद स्मृति जुबिन ईरानी की सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें न्याय पंचायत ब्रहमनी, मोहैया केसरिया, सराय महेशा, निगोहा, ओदारी की महिलाओं ने बढचढ कर भाग लिया।

16 से 30 वर्ष की 100 मीटर दौड़ में प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय परवीन बानो तीसरे तीसरे स्थान पर दीपांशी विजयी रही। सभी विजेता न्याय पंचायत पीढ़ी की मूल निवासी थी। रस्सी कूद में प्रथम सावित्री देवी, द्वितीय प्रतिभा, तीसरे स्थान पर प्रीति रही। लंबी कूद में प्रथम रिया, द्वितीय परवीन बानो, तृतीय पुष्पा खालिसपुर रही। रस्साकशी में कृतिका, स्वाती, यशस्वी, पलक की टीम विजई रही। महिला पैदल चाल 200 मीटर में प्रथम रही रेनू पूरे बाबा महमदपुर, द्वितीय स्थान पर सुनीता मौर्य, तीसरे स्थान पर रेखा खालिसपुर रही। कुर्सी दौड़ में पहले स्थान पर सुनीता, दूसरे स्थान पर महमदपुर की रेखा और तीसरे स्थान पर रेखा खालिसपुर रही। नींबू दौड़ में प्रथम शकुंतला ब्रहमनी, रेनू द्वितीय, तृतीय सावित्री महमदपुर रही। मटका फोड़ में प्रथम शिवपरी ब्रहमनी व द्वितीय देवपति फुरसतगंज रही। विजेताओ को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान गीता तिवारी, राम नाथ भारती, उमा शंकर तिवारी, दुखी लाल, राम कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।



रस्साकशी प्रतियोगिता में जोर आजमाईश करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## बहन की विदाई कराने पहुंचे भाई को पीटा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग़ालिब शहीद के निवासी अफजल शेख की शादी मेराज खान थाना लंभुआ की पुत्री के साथ दो मार्च को हुई थी जिसकी विदाई को मंगलवार को मेराज खान व उसके पुत्र आसिफ आए थे। आसिफ घर से निकलकर पड़ोस के रिश्तेदारों से बातचीत कर रहे थे तभी गांव के हसनैन, आफताब, गुड्डू मुजाहिद, कुद्दुष से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, फिर मारपीट हो गई जिसमें आसिफ को गंभीर चोटे आई हैं। मेराज ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके बेटे को कट्टे के बट से मारा गया है। घटनास्थल पर पहुंचे द्वारिका गंज चौकी प्रभारी अमित सिंह ने बताया की घायल अवस्था में युवक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### सार-संक्षेप

## एक्सप्रेस वैन को एडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



एक्सप्रेस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम अर्पित गुप्ता।

**अमेठी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि .रा.) अर्पित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उक्त मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज प्रांगण, सगरा तिराहा अमेठी, रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी, अंबेडकर तिराहा अमेठी, धम्मौर रोड पर परितोष तिराहे तक, एचएएल कोरवा, मुंशीगंज चौराहा, मुसाफिरखाना तहसील प्रांगण, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदीशपुर प्रांगण, बीएचईएल, विधानसभा तिलोई के सिंहपुर विकासखंड के इन्हौना चौराहा, तिलोई बस स्टॉप, मोहनगंज, शाहमऊ, बहादुरपुर चौराहा, जायस कस्बा, विकास भवन गौरीगंज अमेठी में संचालित रहकर मतदाता जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन करेगी।

## ठगी की शिकार महिला को नहीं मिल रहा न्याय

**अमेठी, अमृत विचार :** पिछले एक महीने से लगातार न्याय की आस लिए पीड़ित महिला लगा रही है। अमेठी के शासन–प्रशासन के चक्कर लगाने के बाद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है। मामला अमेठी मुख्यालय के गौरीगंज और कानपुर देहात से जुड़ा हुआ है। पीड़ित महिला जो कानपुर निवासी है। शादी डाट कॉम पर मिले युवक से महिला प्रेम प्रसंग हुआ था, प्रेम होने के बाद महिला से शादी का झूठा वादा कर युवक ने पीड़ित महिला से 17 लाख रुपए ठग लिया था। जिसको लेकर पीड़ित महिला 11 जनवरी को गौरीगंज कोतवाली में शिकायत पत्र देखकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर अधिकारियों द्वारा यह बताया गया था कि परेशान न हो जल्द ही आपको न्याय मिलेगा। महिला ने बताया कि युवक श्रीराम यादव गौरीगंज के टिकरिया गांव का रहने वाला है। जिसने मुझे झांसे में लेकर शादी की बात की और मुझसे 17 लाख रुपए ठग लिए। बाद में मुझसे बात करना बंद कर दिया। महिला ने कहा कि अब ऐसे में मै किसके पास जाऊं, एक तरफ जहां अमेठी की सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक महिला है। वहीं पर इस जिले के रहने वाले एक व्यक्ति ने एक महिला के साथ ठगी करके उसके साथ उसकी भावनाओं से खिलवाड़ किया। ऐसे में देखा जा सकता है कि आखिर कब तक यह महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करेंगी। प्रभारी कोतवाली अमर सिंह ने बताया कि शादी डाट कॉम पर ठगी का शिकार हुए जाने की अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

## शैक्षिक कैलेंडर का उपयोग करना बताया



आंगनबाड़ियों को शैक्षिक कैलेंडर के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी।

**भादर, अमेठी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्द्धन को आयोजित कार्यशाला में मंगलवार को पांच सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला में बच्चों में रचनात्मक क्षमता के साथ बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषा विकास, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विस्तार से संवाद हुआ। आंगनबाड़ियों को शैक्षिक निर्देशिका कैलेंडर के उपयोग की जानकारी दी गई। सरस्वती वंदना और आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा यादव की ओर से प्रस्तुत भावगीत के साथ दूसरे दिन की कार्यशाला शुरू हुई। मुख्य सेविका सीमा सिंह ने सोमवार से शनिवार तक गतिविधियों के साथ शैक्षिक कैलेंडर और किताबों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। लेखाकार अंकित सिंह, किरन सिंह, कलावती, आशा देवी, कुसुम कुमारी, शिखा सिंह, उर्मिला देवी, अंजू कनौजिया, गायत्री आदि मौजूद रहीं।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** क्षेत्र के दादरा क्रॉसिंग निकट रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। मंगलवार शाम पलिया पूरब निवासी राम आधार (80) की दादरा क्रॉसिंग स्थित रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूत्रों की माने तो उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था।

# स्मृति ईरानी से जनता करना चाहती है खुली बहस: दीपक

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व एमएलसी ने एक पत्र जारी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कहा है कि अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से खुली बहस करना चाहती है। दीपक सिंह ने कहा कि बहस में मंहगाई, चीनी, गैस सिलेंडर, पेपर लीक जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं की जाएगी।



पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने पत्र जारी कर वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर कहा है कि अमेठी सांसद व केंद्रीय स्मृति ईरानी ने मोदी जी और राहुल जी के बीच बहस करने की इच्छा प्रकट की थी। लेकिन शायद उन्हें नहीं जानकारी है कि राहुल जी पहले ही मोदी जी को बहस की चुनौती दे चुके हैं। पत्र और वीडियो के माध्यम से दीपक सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मुझसे बहस करती हैं तो यह भरोसा देता हूं कि मंहगे सिलेंडर, आपके 13 रुपये किलो चीनी वाले वादे, बेरोजगारी, पेपर लीक, मंहगाई, भाजपा से आई भ्रस्टाचारी नेताओं की बाढ़ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहस के दौरान नहीं लाऊंगा। बहस सिर्फ अमेठी के हित और विकास, आपके सांसद और महिला एवं बाल विकास मंत्री के तौर पर अमेठी में जो विकास अवरुद्ध हुआ है, वहीं तक केंद्रित रहूंगा, हिम्मत साथ दे तो समय और स्थान बता दीजिएगा। पूर्व एमएलसी का सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बड़ी तेजी से वीडियो वायरल हो रहा है।

## विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगी स्मृति



**अमेठी, अमृत विचार :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी 6 मार्च को संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिए गांव–गांव आयोजित हुए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को अलग–अलग पांचों विधान सभा क्षेत्रों में पहुंचकर सम्मानित करेंगी। वहीं अमेठी में महिलाओं के सम्मान के साथ करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति आज सुबह 10 बजे सलोन विधान सभा क्षेत्र में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर के विशाल टाकीज के करीब मैदान में पुरस्कार वितरण करेंगी। दोपहर 12 बजे वह तिलोई विधान सभा क्षेत्र की महिला प्रतिभागियों को खेल का मैदान रमई में पुरस्कृत करेंगी।

# नशे में महिला के घर पहुंचे दरोगा हंगामा होने पर टोपी छोड़ भागे

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** जामो थाना क्षेत्र में एक गांव की दलित महिला ने वहां के थाना प्रभारी सहित कुछ सिपाहियों पर उससे अभद्रता करने, उसके व बेटी से मारपीट करने, वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनने और दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। घर में बेटी के साथ अकेली मौजूद महिला ने बताया कि पति एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पड़ोसी के घर दरोगा और सिपाही ने शराब पी और पार्टी की। उसके बाद अकेले पाकर छेड़छाड़ की। हो-हल्ला सुन ग्रामीण बढ़ते देख दरोगा दुम दबाकर खिसक लिए। इस दौरान दरोगा की टोपी महिला के हाथ में ही छूट गई। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच एक पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को सौंपी है। अमेठी के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने उन्हें जन सुनवाई में शिकायती पत्र दिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच गौरीगंज के सीओ मयंक द्विवेदी को सौंपी गई है। एसपी ने कहा कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के एक व्यक्ति के घर जामो थाना के प्रभारी निरीक्षक एवं कुछ अन्य सिपाहियों ने शराब पीने के बाद 3 मार्च की रात करीब 11 बजे जबरन उसके घर में घुस गए और निरीक्षक के साथ पुलिसकर्मियों ने बदसलूकी की। शोर-शराबा सुन बेटी बचाने और वीडियो बनाने लगी तो पुलिसकर्मियों ने मोबाइल छीन लिया। मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। जब ग्रामीण इकट्ठा होने लगे तो पुलिसकर्मी दुम दबाकर वहां से खिसक लिए। इस दौरान दरोगा की टोपी महिला के हाथ में ही छूट गई। जन सुनवाई के दौरान दलित महिला ने हाथ में दरोगा की टोपी लिए पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची। महिला ने एसपी से बताया कि जब उसने मदद की गुहार लगाई तो गांव के लोग दौड़े और दरोगा अपनी टोपी छोड़कर भाग निकले, जिससे उसकी और उसकी बेटी की जान बच पाई। सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि शिकायत की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### आस्था

## भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर में 9 दिवसीय श्री राम कथा के 7वें दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक को सुनने उमड़े श्रद्धालु

# व्यक्ति को कुसंग से दूर और सत्संगतोन्मुखी होना चाहिए

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार:** व्यक्ति को कुसंग से दूर और सत्संग की ओर ध्यान देना चाहिए। अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही 9 दिवसीय श्री राम कथा के 7वें दिन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य शान्तनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान कराते हुए ये बात कहीं।

उन्होंने कहा कि एक क्षण की भी कुसंगति व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर सकती है। मंथरा के बारे में बताते हुए कहा कि मंथरा कुसंग है और साथ ही दहेज का सामान इन दोनों से बचना ही चाहिए। कुसंग का फल बहुत भयानक होता है। कुसंग को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। उन्होंने मंथरा के उदाहरण के साथ ही बताया कि षड्यंत्रकारी को सब जानकारी रहती हैं। मंथरा जब षडयंत्र रचने आई तो उसे महराज दशरथ द्वारा कैकेयी को दिए गए दो वरदान के वचनों की जानकारी थी। उन्होंने कहा कि वह कैकेयी मां जो भारत को राम से ज्यादा प्यार करती थीं वह इतनी निष्ठुर हो गईं कि उन्होंने भगवान के वन जाने जैसे महराज दशरथ के प्राणघातक वरदान को मांगने में संकोच न किया। उन्होंने कहा इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति है और क्षमता है वह पराक्रम है सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है। कौशल्या माने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं, अपितु मां का दर्जा दिया है और मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा तो तुझे जाना चाहिए। श्रृंगवेरपुर घाट पर निषादराज से मिलन और संवाद के साथ कथा का विराम हुआ। बता दें कि कथा अगले दो दिन यानी गुरुवार तक चलेगी।

## भक्तों के विश्वास की प्रभु स्वयं करते हैं रक्षा

**बाजारशुक्ल, अमेठी, अमृत विचार :** नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ सोमवार को पन्ही में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव पर बैंड–बाजे के साथ नन्हे बालक श्रीकृष्ण के रूप में सजाए गए थे। वासुदेव के रूप में बालक को सिर पर उठा कर लाए। भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झुलाया और भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद लिया। भगवान कृष्ण के जन्म व कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। जन्मोत्सव में भक्त झूम कर नाचे और प्रसाद के रूप में सोठौरा प्रसाद बंटवाया। भक्त और भगवान के बीच विश्वास की डोर है और भक्तों के विश्वास की रक्षा भगवान स्वयं करते हैं। भगवान जब भक्तों के भक्ति प्रेम समर्पण देखते हैं तो स्वयं दौड़े चले आते हैं। यह बात ग्राम सभा मांझ गांव के पन्ही में शर्मा परिवार चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह परायण यज्ञ के चौथे दिन अयोध्या से पधारे कथा व्यास अलोका नंद व्यास ने भक्त प्रहलाद के चरित्र की कथा कहते हुए कही। यजमान राम अभिलाष शर्मा, बसंत शर्मा, विजय शर्मा अध्यापक, आशीष शर्मा अध्यापक, अजय शर्मा बीडीसी, राजन सिंह वकील, जयसिंह प्रधान, श्याम सांवले पांडे समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

## स्वास्थ्य मेले में किया जागरूक

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन अधीक्षक डॉ. आलोक मिश्र की देखरेख में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह,एडीओ सहकारिता अरुण सिंह, महामंत्री रामगोपाल कौशल ,जयविंद सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ.आशुतोष पांडेय,वीसीपीएम राजीव पांडेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अभय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मेले के बाद बृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ.प्रणव गौतम रहे।

## सार-संक्षेप


निर्वाचित होने के बाद वकील परिषद के पदाधिकारी।

### वकील परिषद : आनंद अध्यक्ष और विजय नाथ महामंत्री निर्वाचित

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : कचहरी में मंगलवार को वकील परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आनंद कुमार पांडेय व महामंत्री पद पर विजय नाथ पांडेय ने निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।चुनाव के दौरान काफी गहमागहमी रही। आनंद कुमार पांडेय 75 मत प्राप्त करअध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी संतोष कुमार त्रिपाठी नि:शुल्क 20 मत प्राप्त कर सके। तीसरे स्थान पर रहे चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने 19 मत प्राप्त किया और चौथे स्थान पर रहे दिनेश त्रिपाठी की 14 मत मिले। महामंत्री पद पर विजय नाथ पांडेय ने 109 मत प्राप्त किया। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रामेंद्र सिंह मात्र 20 मत प्राप्त कर सके। इस तरह अध्यक्ष पद पर आनंद कुमार पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 55 मतों से विजय दर्ज किया। इसी तरह महामंत्री पद के लिए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से विजय नाथ पांडेय ने 89 मतों से विजय प्राप्त की। अन्य पदाधिकारी पहले ही निर्विरोध हो चुके हैं। मात्र अध्यक्ष एवं महामंत्री पद में के लिए चुनाव किया गया। अधिवक्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई दी।

### अधिवक्ताओं ने जिला जज को सौंपा ज्ञापन

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार** : जिला जज मंगलवार दोपहर दीवानी न्यायालय कुण्डा पहुंचे। उन्होंने दीवानी न्यायालय के कार्यालयों के अभिलेखों को देखा। उसके बाद परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिविल बार के अध्यक्ष दिनेश मणि,महामंत्री बृजेश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला जज अब्दुल शाहिद का स्वागत किया। दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं के लिए शेड बनाए जाने, अधिवक्ता लाइब्रेरी बनाए जाने, दीवानी में कर्मियों की कमी को दूर करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। इस मौके पर एसीजेएम अनुपम दुबे, जेएम सिद्धार्थ शेखर सिंह, अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, अरुण कुमार, सतीश तिवारी,रजनीश शुक्ल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को दी वाणिज्य व निवेश की जानकारी

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय जागरूकता सेमिनार की शुरुआत हुई। छात्र- छात्राओं ने विशेषज्ञों से वाणिज्य तथा निवेश की बारे में जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय व राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ मंगलवार को हुआ। विषय विशेषज्ञ शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एक सफल निवेशक होने के लिए सर्वप्रथम निवेश में व्याप्त जोखिमों और प्रत्याय का आकलन करना होगा। इसके अलावा उन्होंने निवेश के विभिन्न विकल्पों जैसे शेयर, म्यूचुअल फंड्स एवं बॉन्ड्स आदि की जानकारी दी। सेमिनार में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय मिश्र, प्रो. एसएन यादव, डॉ. कंचन, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. गंगाराम, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. संजय राजभर, डॉ. अजय यादव, डॉ.संदीप वर्मा, डॉ. आलोक आदि मौजूद रहे।

### सात को प्रयागराज आएंगे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश

**प्रयागराज। अमृत विचार** : 7 मार्च यानी गुरुवारको को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रयागराज आएंगे। यह जानकारी सपा के जिला अध्यक्ष अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद और इफ्तिखार हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव गुरुवार को प्रयागराज 11:30 बजे पहुंचेंगे और वहां से सीधे केपी कम्युनिटी सेंटर ( महात्मा गांधी मार्ग) के पास समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व लखनऊ पार्टी कार्यालय में निर्वाचन का कार्य देख रहे के. के. श्रीवास्तव के बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे व उन्हें आशीर्वाद प्रदान करेंगे। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर यादव ने बताया कि वहां से निकलने के बाद वह झूसी हवेलिया राकेश यादव एडवोकेट के बेटे की शादी में शामिल होंगे। जिसके बाद वहां से सीधे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचकर लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

### ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार

**प्रयागराज। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेला रोजगार का जरिया बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेलों से ग्रामीण इलाकों के बेरोजगार युवाओं को भी बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा था। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन रोजगार मेलों का आयोजन प्रयागराज में युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा जरिया साबित हो रहे हैं। जिला कौशल प्रबंधक अभिषेक शुक्ला के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना आयोजित रोजगार मेलों के पहले चरण में 3657 युवाओं को नौकरी मिली है। फरवरी माह में जिले में इसके लिए 21 रोजगार मेलों का प्रतिदिन आयोजन किया गया। इसमें 29 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विकास खंड स्तर पर आयोजित इन रोजगार मेलों में 6591 ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमे 3657 युवाओं को नौकरी दी गई है। दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी गई है।

# तेज रफ्तार कार व ट्रक में भिड़ंत बालिका समेत 3 की मौत, 6 गंभीर

## नशे में था वाहन चालक, सभी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे

संवाददाता, प्रयागराज, कौशांबी

**अमृत विचार:** कौशाम्बी जिले के मंझनपुर में मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। बरात से वापस लौट रही तेज रफ्तार कार व ट्रक में भिड़ंत हो गई। हादसे में 7 साल की बालिका समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 7 साल की बालिका समेत तीन लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं, अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया नेशनल हाइवे के समीप की है।

जानकारी के मुताबिक कौशांबी के पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार के रहने वाले दीपक सोनी की बारात सोमवार शाम बरात फतेहपुर जनपद के हथगांव में पहुंची। रात में दीपक और नेहा की शादी हुई। शादी में शामिल होने के लिए रीवा एमपी और हनुमागंज, प्रयागराज से लोग गये हुए थे। मंगलवार की भोर में बारात की सभी गाड़ियां वापस लौट रही थी। इसी दौरान बरात की एक टवेरा कार को लेकर ड्राइवर इंद्रेश शर्मा 52 वर्ष पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी पिपरी, राजकुमार 29 पुत्र योगेश निवासी एमपी रीवा, और दिव्यांशी 3 वर्ष पुत्री गंगा प्रसाद निवासी प्रयागराज के अलावा फूलकली पत्नी हरिमोहन, गंगा देवी पत्नी गंगा सोनी, अर्चना सोनी पत्नी त्रिपुरारी सोनी, योगेंद्र वीरेंद्र और 10 साल की रचना उसी टवेरा में सवार थे। वह जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के कसिया के पास पहुंची है वैसे हीटवेरा कार खड़ी ट्रक में भिड़ गई। जिसमें 7 साल की बालिका समेत 9 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायलों को मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने 7 साल की बालिका समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं 4 लोगों को हालत नाजुक देख जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जबकि लोगों को जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। घटनाके बारे में सीओ चायल अवधेश विश्कर्मा ने बताया कि टवेरा खड़ी ट्रक में गई। ड्राइवर शराब के नशे में था। मरने वालों में ड्राइवर इंद्रेश शर्मा 52 वर्ष पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी पिपरी, राजकुमार 29 पुत्र योगेश निवासी एमपी रीवा, और दिव्यांशी 3 वर्ष पुत्री गंगा प्रसाद है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायलों का इलाज चल रहा है।

**हादसा**


क्षतिग्रस्त कार।

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली स्कूटी रैली



**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा टीम पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। महिला मोर्चाकी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को जोड़ने का काम शुरू कर दिया है। नई शक्ति वंदन यात्रा के तहत मंगलवार को एक विशाल स्कूटी यात्रा भारद्वाज आश्रम से इलाहाबाद विश्वविद्यालय गर्ल्स हॉस्टल पहुंची। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल की अगवाई में हजारों महिलाओं ने स्कूटी के साथ हाथों में तकिया लेकर बीजेपी के नारे लगाती रही। महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया। स्कूटी रैली में भारी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी हिजाब पहनकर पीएम मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नारे लगाती रही। डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कार्य किया हैं। महिलाओं को अब आगे आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस बार लोकसभा के चुनाव में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं भारतीय जनता पार्टी को वोट करेगी और 400 के पार पहुंचाएंगी।

## दीक्षांत परेड 2024 : समारोह में कमिश्नर ने ली सलामी

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : पुलिस लाइन में मंगलवार को दीक्षांत परेड 2024 का आयोजन किया गया रिक्रूट सहायक उप निरीक्षक लेखा की पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड का प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले रिक्रूट को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर रमेश शर्मा ने रिक्रूटो को साहस और ईमानदारी का पाठ पढ़ाया इस दौरान कमिश्नर ने ड्यूटी करने का नियम भी बताया। प्रयागराज के एक पुलिस अफसर ने टेबल टेनिस में बेहतर प्रदर्शन दी मेडल हासिल करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। 72वीं आल इंडिया पुलिस वालीवॉल क्लस्टर 2023-24 प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र नागपुर में हुआ था। जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त वरुण कुमार ने पुरुष प्रतिभाग किया था और द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। जिसके बाद वरुण कुमार को प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने सिल्वर मेडल और प्रशस्ति पत्र से नवाजा है।



## चुनाव ड्यूटी लगने के बाद व्यवधान पर बीएसए जिम्मेदार

संवाददाता, प्रतापगढ़

▸▸ **लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत डीएम ने प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार** : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि पिछले चुनाव में जिन बूथों पर घटनायें घटित थी एवं मतदान में व्यवधान डाला गया था ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सचेत करें। जिससे चुनाव सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

डीएम ने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षक गलत तरीके से बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव ड्यूटी नही करना चाहते है एवं ड्यूटी कटवाने में लगे रहते है इसके लिये बैठक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि गम्भीर बीमारी या जटिल समस्या हो तो उसको पहले से ही अवगत करा दें जिससे सम्बन्धित की ड्यूटी न लगे। चुनाव ड्यूटी लगने के बाद कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसके लिये बीएसए जिम्मेदार होगें। डीएम ने मतदान कार्मिक, मतगणना कार्मिक, माइक्रो प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, ईपीडीएस व्यवस्था, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा वलनैरैबिलिटी मैपिंग, वाहन/ईधन व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, मतदान/मतगणना कार्मिकों, माइक्रो प्रेक्षकों, सहायक व्यय प्रेक्षकों, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों आदि का प्रशिक्षण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में एसपी सतपाल अंतिल,सीडीओ नवनीत सेहारा,एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, डीडीओ राकेश प्रसाद,पीडी डॉ. आरसी शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह के अलावा एसडीएम, प्रभारी अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम संजीव रंजन।

## संदेशखाली प्रकरण: सड़क पर उतरे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ममता सरकार का पुतला फूंका

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार इलाहबाद विश्विद्यालय परिसर के बाहर संदेश खाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भी भेजा है। परिषद ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। परिषद ने राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को नि:शुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है।



## बेटे की मौत से नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने घेरा थाना, किया हंगामा

▸▸ **सूदखोरों से तंग आकर किया था सुसाइड, पिता ने लगाया था आरोप**

**संवाददाता, प्रयागराज, नैनी। अमृत विचार** : सूदखोरों से तंग आकर जहर निगल कर मौत को गले लगाने वाले कारोबारी की मौत के बाद मंगलवार को परिजनों व ग्रामीणों ने घूरपुर थाने पहुंचकर घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे के दौरान थाने पर भीड़ जुट गयी मौके पर थाना प्रभारी ने हंगामा कर रहे लोगों को शान्त कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद हंगामा समाप्त हुआ। मालूम हो कि इरादतगंज बाजार के रहने वाले विद्याकांत यादव (25) पुत्र अवध बिहारी उर्फ सोहनलाल यादव की बाजार में मिठाई की दुकान चलाते थे। रविवार देर शाम विद्याकांत ने सूदखोरों से तंग आकर घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले विद्याकांत की मौत हो गई थी। मंगलवार को परिजन और ग्रामीणों ने घूरपुर थाने पहुंचकर आरोपी सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर हंगामा करने लगे। इस दौरान मौके पर रहे थाना प्रभारी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन आरोपियों कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है। इस बारे में थाना प्रभारी केशव वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर लोग इकठ्ठा हुए थे। उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## तैयारी : राष्ट्रीय एकता महोत्सव में धमाल मचाएंगी भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह

▸▸ **पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी, हास्य कलाकार अशोक, मीनू तिवारी भी रहेंगे आकर्षण का केन्द्र**

**लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों का जलवा दिखेगा। शुभारंभ सात मार्च को शाम छह बजे क्षेत्रीय कलाकारों के प्रस्तुतियों से होगा। आठ व नौ मार्च को रात भर नामचीन कलाकार मंच संभालेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि प्रात:कालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी, संदीप के संयोजन में सांस्कृतिक मंच पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। सायंकालीन कार्यक्रमों का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएम संजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि एसपी सतपाल अंतिल करेंगे। इसके पश्चात मंच पर भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह धमाल मचायेगी। अक्षरा सिंह के कार्यक्रम के बाद पार्श्वगायक कलाकार रवि त्रिपाठी मंच संभालेगे। हास्य कलाकार अशोक मिश्र, अवधी लोकगायन व शिव महिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिन नौ मार्च की शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के तत्वावधान में मीनू तिवारी व साथी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता का कार्यक्रम दिल्ली से आये कलाकार प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा फूलों की होली व मथुरा का मयूर नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र होंगे। राष्ट्रीय एकता महोत्सव आयोजन समिति की देखरेख में राष्ट्रीय एकता महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।


## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।




### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## सुडोकू-80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06 .30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14 .52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष** — आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन** — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह** — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या** — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** — आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु** — आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर** — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** — आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन** — आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

घातक
सुबह : 11.00

जख्मी सिपाही
रात : 07.00

आंख मिचौली
सुबह : 10.11

दिल तो बच्चा है जी
शाम : 04.03

एनाकोंडा
सुबह : 11.48

पैसिफ़िक रिम
दोपहर : 03.03

फोन भूत
सुबह : 10.50

बरसात
रात : 07.00

देवदास
सुबह : 08.53

फोर्स 2
रात : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

## सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

# कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचार:** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

## पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

**छपरा, एजेंसी**

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय

# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

### तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद




मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है।

देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा-डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

# केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

# गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

**चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने उनके बयान निंदा की

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

# माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

## इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

**कोलकाता, एजेंसी**

## संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

# सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

पेरिस, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

### फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट



# मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

## डब्लयूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा ही माहौल टूर्नामेंट को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था। भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।




## खेल डायरी

### वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस शृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू शृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### नीदरलैंड्स ने नेपाल को चार विकेट से हराया

कीर्तिपुर, एजेंसी। माइकल लेविट 54, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 48 और टिम वान डेर गुग्टेन के 5 गेंदों में 21 रनों की पारी से नीदरलैंड्स ने ट्राई सीरीज के फाइनल में नेपाल को 4 विकेट से हरा दिया है। नीदरलैंड्स ने 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माइकल लेविट और मैक्स ओ'डॉड ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। माइकल ने 54 और डॉड ने 22 रन बनाए। विक्रमजीत सिंह 29 रन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 48 रन बनाए। आखिरी ओवरों में टिम वान डेर गुग्टेन ने आतिशी पारी खेलते हुए नीदरलैंड्स को 19.3 ओवर में 6 विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दिला दी। नेपाल से कुसल मल्ला ने 4 विकेट लिए। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने व अबिनाश बोहरा ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

### बीसीसीआई से मान्यता चाहती है नेत्रहीन क्रिकेट टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम चाहती है कि बीसीसीआई उन्हें अपनी छत्रछाया में लेकर सक्षम खिलाड़ियों की तरह माने ताकि वे भी आगे बढ़ सकें। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के कोच मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए बीसीसीआई से मान्यता मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मान्यता के साथ नेत्रहीन क्रिकेटरों को बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध भी मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नेत्रहीन क्रिकेटरों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंध मिले हैं और वे अच्छा खेल रहे हैं। बीसीसीआई को भी आम क्रिकेटरों की तरह नेत्रहीन क्रिकेटरों को अनुबंध देने चाहिए। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ के महासचिव शैलेंदर यादव ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिए सराहना और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाईक को पद्मश्री दिया गया और पूर्व कप्तान अजय रेड्डी को अर्जुन पुरस्कार मिला। उम्मीद है कि दूसरे देशों की तरह बीसीसीआई नेत्रहीन क्रिकेट को मान्यता देगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को भारत सरकार और प्रदेश सरकारों से वित्तीय सहायता मिल रही है। कुछ को हरियाणा, ओडिशा और केरल में सरकारी नौकरी भी मिली है। हम चाहते हैं कि कुछ और खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां मिले।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

## उस शृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह शृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस शृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस शृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह शृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैंने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

### अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।




## आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

# अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

धर्मशाला, एजेंसी



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की शृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज शृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

# लक्ष्य भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज कर वापसी की लेकिन मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और चाहर को नॉकआउट कर दिया। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं,



उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटा पाने की दौड़ में हैं। भारत ने अब तक ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। इन सभी ने पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

# नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।




## यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।





## करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

मुंबई,एजेंसी। गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।



## अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।


## स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।



## फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश ने पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे



**सेन फ्रांसिस्को।** तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2.3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

### यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

### लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

# पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8 करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

## पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।




# के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरुरी है।

### चेक करें ईसीएस डेबिट



इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।




- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।



### पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि




यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

# भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक बिना शर्त हो बंधकों की रिहाईः कंबोज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।



भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। भारत के स्थायी दूत ने तनाव को कम करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, 'स्थायी समाधान पर पहुंचने के लिए हम हिंसा करने से बचने, सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, 'जंग पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है और हमने यह कई मौकों पर कहा भी है।

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का नुकसान हुआ है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट भी पैदा हुआ है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।

### इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजरायल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। यह सलाह ऐसे समय में जारी की गई है जब एक दिन पहले लेबनान से हिजबुल्लाह आतंकवादियों द्वारा दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। यह मिसाइल इजरायल के उत्तरी सीमावर्ती मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरी थी। इस हमले के तीनों पीड़ित केरल के थे। भारत में इजरायल दूतावास ने लेबनान द्वारा की गई टैंक रोधी गोलीबारी को कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की। नई दिल्ली में इजराइली दूतावास ने कहा, हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य के घायल होने से गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं।

## पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।



पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

# 10 मई के बाद देश में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूदः मुइज्जू

माले (मालदीव), एजेंसी

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक मालदीव में सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा



भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

## बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...





**चमोली :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

# देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

सियोल, एजेंसी



- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निर्धारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

# हिंद-प्रशांत में नहीं दिखाएगा कोई ताकत

पणजी, एजेंसी

- राजनाथ ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया संदेश, बोले- सहयोगी देशों की मदद कर रही नौसेना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, "भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

# भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया, एजेंसी



तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।

**विज्ञान** नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

# ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

### जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

# भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन, एजेंसी



- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील

सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।